हरिभूमि रायपुर भूमि





## एक लाइन में चार प्रतिमा का विसर्जन, सुंदर नजारा



कुंड स्थल पर उस समय अद्भुत नजारा लोगों को देखने को मिला, जब गोताखोर एक लाइन से 4 बड़ी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन क्रेन की मदद से करते दिखे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए महादेवघाट के समीप स्थित विसर्जन स्थल पर पहुंचे हुए थे। विसर्जन के दौरान हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा को शीश झुकाकर विदाई दी। कुछ लोग रेलिंग के सामने लाइन लगाकर एकटक भावविव्हल होकर दुर्गा विसर्जन के नजारे को देखते रहे।

# जयकारों के साथ मां दुर्गा को विदाई, विसर्जन कुंड में 176 प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौ दिनों तक उत्साह व उमंग के साथ मां जगदंबे की भक्ति में लीन राजधानीवासियों ने गुरुवार को जयकारों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का महादेवघाट के समीप बनाये गये विसर्जन कुंड में विसर्जन किया। शहर के अलग-अलग स्थानों से दुर्गा उत्सव समितियां आतिशबाजी और बैंडबाजे के साथ मां की मनोहारी मूर्तियों को विसर्जन के लिए कुंड स्थल लेकर पहुंचीं। इससे सुबह से देर शाम तक खासी रौनक देखने को मिली। विसर्जन के दूसरे दिन सुबह से शाम तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ सुबह से देर शाम तक दूसरे दिन भी चलता रहा विसर्जन का सिलसिला



### किसी ने सेल्फी ली तो किसी के छलक उठे आंसू

विसर्जन स्थल पर दुर्गा मां को विदाई देने पहुंचे श्रद्धालुओं की अलग-अलग भाव-भंगिमा इस दौरान देखने को मिली। किसी ने इस अविस्मरीय पल को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने तत्परता दिखाई, तो किसी ने सेल्फी लेकर मां को विदा गया। माता के कुछ भक्त विसर्जन के बाद अपने आप को रोक न पाए और फफक कर रो पड़े। उन्हें रोते देख संगी-साथियों ने ढाढ़स बंधाने का काम किया। 9 दिन तक माता की सेवा आराधना के दौरान बिताये गये पल भी कुछ युवा भूल नहीं पाए।

*रेलवे स्टेशन में सामान चढ़ाने व उतारने यात्रियों की बढ़ीं मुश्किलें*

# स्टेशन में तीन एस्केलेटर, इनमें दो बंद, बिगड़ रही यात्रियों की सेहत, बुजुर्ग को खासी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए तीन एस्केलेटर में से दो तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। इसका सीधा असर यात्रियों की सुविधा और सेहत पर पड़ रहा है। खासकर भारी सामान के साथ आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन में जब भीड़ अधिक होती है, यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। हरिभूमि ने गुरुवार को स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा किया, जिसमें कई यात्री एस्केलेटर के बंद होने से परेशान मिले।

गुढ़ियारी की ओर स्टेशन प्रवेश द्वार पर लगा एस्केलेटर लगातार तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है। हर महीने इसमें खराबी आती है और उसे ठीक करने में कई दिन लग जाते हैं। वहीं प्लेटफार्म की ओर जाने वाला दूसरा एस्केलेटर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### दबाव के वजह से एस्केलेटर बार-बार हो रहा बंद

स्केलेटरों के बार-बार खराब होने के पीछे एक मुख्य कारण यात्रियों की अत्यधिक भीड़ और दबाव बताया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ, जिससे एस्केलेटर पर अधिक भार पड़ा और मशीनों में तकनीकी गड़बड़ी आ गई। गुढ़ियारी की ओर लगे एस्केलेटर की बात करें तो यह पिछले एक महीने में करीब छह बार बंद हो चुका है, जो केवल भीड़ का असर नहीं, बल्कि मशीन की नियमित मेंटेनेंस की कमी को भी दर्शाता है।

### खराबी के बाद मरम्मत में भी देर

हर बार खराबी के बाद मरम्मत में देरी होने से यात्रियों को बार-बार असुविधा झेलनी पड़ रही है। साथ ही यात्रियों को एस्केलेटर चालू है या बंद, इसकी जानकारी पहले से नहीं मिलती, जिससे और परेशानी होती है। यदि कोई यात्री एक नंबर प्लेटफॉर्म से बाहर निकलने के लिए एस्केलेटर का उपयोग करना चाहता है, तो ऊपर जाने वाला एस्केलेटर अक्सर खराब हालत में मिलता है, जिससे भारी सामान के साथ बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### स्टेशन में लिफ्ट शुरू


स्टेशन में कई दिनों तक बंद रही लिफ्ट को अब फिर से यात्रियों के लिए शुरू कर दिया गया है। हालांकि, एस्केलेटर की तरह लिफ्ट में भी तकनीकी दिक्कतें हर महीने आती रहती है। लिफ्ट में जब अत्यधिक भार पड़ता है, तो मशीन में गड़बड़ी आ जाती है। कुछ मामलों में यह जल्दी ठीक हो जाती है, लेकिन कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि टेक्नीशियन को बुलाना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों से लिफ्ट के सामने बैरिकेड्स लगाकर इसे बंद कर दिया गया था, जिसे अब हटा लिया गया है और सेवा फिर से चालू कर दी गई है। अब जबकि स्टेशन के दो एस्केलेटर खराब हैं, ऐसे में यात्रियों का दबाव ▶▶|शेष पेज 13 पर

## 48 घंटे बाद कम होगी बारिश संबंधित गतिविधि, 10 के बाद विदाई संभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार दोपहर को छाए बादल देर रात बरस ही गए। अधिकतर स्थानों पर इस वक्त तक रावण दहन हो चुका था, इसलिए अधिक परेशानी लोगों को नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक अर्थात शुक्रवार और शनिवार को वर्षा संबंधित गतिविधियां जारी रहेंगी। इसके बाद 5 से 10 अक्टूबर तक बादल छाए रहेंगे, लेकिन भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी। हल्की से मध्यम बारिश अथवा बूंदाबांदी की स्थिति ही रहेगी। 10 अक्टूबर के ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ दोपहर से छाए बादल देर रात बरसे, आज व कल यही स्थिति



### 33 डिग्री के साथ राजनांदगांव सर्वाधिक गर्म

गुरुवार को राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। बदली-बारिश के कारण प्रदेश के सभी स्थानों में तापमान 35 डिग्री से कम ही रहा। सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में दर्ज किया गया। यहां पारा 33 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि सबसे कम तापमान पेंड्रा में 19.6 डिग्री दर्ज हुआ। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 31.5 डिग्री रहा।

# ग्राम टेकारी के दो यार्ड में चल रहा था टैंकरों से डीजल-पेट्रोल चोरी का बड़ा खेल, 9 गिरफ्तार

44 लाख 30 हजार का पेट्रोल-डीजल के साथ टैंकर सहित अन्य सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ विधानसभा पुलिस ने मारा छापा

राजधानी रायपुर के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकारी में संचालित दो यार्ड में पेट्रोल और डीजल के टैंकरों से पेट्रोल-डीजल चोरी का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी सूचना मिलने पर साइबर और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दोनों यार्ड में छापा मारते हुए यहां संग्रहित कर रखा गया 44 लाख 30 हजार रुपए का पेट्रोल और डीजल के साथ घटना में प्रयुक्त टैंकर सहित चाड़ी एवं प्लास्टिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दोनों यार्ड के संचालक फरार

इन दोनों यार्ड के संचालक अभी फरार हैं। इनमें एक यार्ड के संचालक का नाम सूरज शाह बताया जा रहा है, वहीं दूसरे यार्ड के संचालक के नाम का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों संचालकों को तलाशना शुरू कर दिया है।

### मौके पर पकड़े गए आरोपी

दोनों यार्ड में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रवि यादव 25 वर्ष निवासी चकनेवापुर थाना रामपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश, नीरज नेताम उर्फ दउवाराम 36 वर्ष निवासी टेडहाधौरा बस्तीपारा मुंगेली, शेख कलीमुद्दीन 47 वर्ष निवासी ग्राम पचेड़ा विधानसभा थाना, शैलेन्द्र कुमार उर्फ बिहारी 40 वर्ष निवासी साउथ पटेल नगर बालापर ईस्लामपुर नालंदा बिहार वर्तमान पता शास्त्री चौक कैम्प 1 भिलाई, राज पटेल 20 वर्ष निवासी बस्तीपारा मंदिर हसौद, अखिलेश चौबे 38 वर्ष निवासी ग्राम घोरठ ▶▶|शेष पेज 13 पर




# दोपहिया को ठोकर मारने के बाद थाने में हंगामा, तीन नाइजीरियन भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक स्थित रविभवन के बाहर कुछ युवकों से विवाद करने के दौरान एक दोपहिया वाहन को कार से ठोकर मारकर फरार होने का प्रयास करते गिरफ्तार किए गए तीन नाइजीरियन युवकों को पुलिस ने गुरुवार को धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीनों नाइजीरियन युवकों ने थाने में भी करीब एक-दो घंटे तक हंगामा किया था। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट अफ्रीका के लिवेरिया शहर के रहने वाले सैम्युल, कैप्टन बुबा और फ्रांसिस रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### *रात में ही पकड़े गए दूसरे साथी भी*

*इस घटना के दौरान पकड़े गए एक नाइजीरियन युवक की वहां मौजूद भीड़ ने हाथ और लात से पिटाई भी की। इस दौरान एक पुलिस कर्मी उसे बचाते हुए गोलबाजार थाने ले गया, जहां पुलिस ने उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की, तो पता चला कि वे तीनों कलिंगा यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। पुलिस इसके बाद उसके साथियों को भी गिरफ्तार कर थाने लेकर आई। रातभर हवालात में रखने के बाद पुलिस ने तीनों के विरुद्ध धारा 151 के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।*

### नाइजीरियन युवकों ने दो घंटे तक थाने में किया हंगामा

सूत्रों के अनुसार तीनों नाइजीरियन ने थाने में भी करीब दो घंटे तक हंगामा किया। हालांकि पुलिस इससे इनकार रही है। यह भी बताया जा रहा है कि नाइजीरियन युवकों ने अपनी सफाई में पुलिस को बताया है कि उन्होंने मोबाइल रिपेयर के लिए मोबाइल दुकान में दिया था, जिसके पैसों को लेकर उनका दुकानदार से विवाद हुआ। वे तीनों जब जाने लगे, तो कुछ लोग दौड़ाने लगे और कार में बैठते ही उन पर लोगों ने हमला कर दिया, जिससे बचने के लिए वह वहां से भागे थे।

शुभम सेलगढ़ पारिवारिक खुशियों का गढ़
सुराना भवन, रायपुर में

50 से अधिक ब्रांड्स के मेन्स, किड्स एवं गर्ल्स वियर, ऐसेसरीज, टॉयज, क्रॉकरी, गृह उपयोगी सामान, लगेज, बैग एवं हैण्डलूम आयटम बेडशीट, टॉवेल, पैरदान सम्पूर्ण पारिवारिक वस्त्र अविश्सनीय रेट पर...

SALE UP TO 80% OFF* on company MRP
MEN'S, KID'S & GIRL'S WEAR
CROCKERY •LUGGAGE •BAG •SHOES & MANY MORE...

मेन्स ब्रांडेड जीन्स 2 पीस ₹499 में
मेन्स ब्रांडेड शर्ट 2 पीस ₹499 में
फैंसी डिजाईनर कुर्तियाँ 2 पीस ₹499 में
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन सिंगल बेडशीट 2 पीस ₹499 में
किंग साईज डबल बेडशीट सेट MRP. ₹1799 & above ₹499 में प्रति पीस
मेन्स टीशर्ट 3 पीस ₹499 में
फैंसी प्लेन एवं प्रिंटेड कुर्ती प्लाजो सेट 2 पीस ₹499 में
मेन्स ब्रांडेड ट्राऊजर 2 पीस ₹499 में

आज का स्पेशल ऑफर फैंसी प्लेन एवं प्रिंटेड कुर्तियाँ 3 पीस ₹249 में
यह ऑफर सिर्फ आज के लिये है
*condition apply
आकर्षण और भी है... ऑफर स्टॉक रहने तक...

शुभम सेलगढ़ पारिवारिक खुशियों का गढ़
एच.पी. गैस के सामने छोटापारा सुराना भवन, रायपुर

## खबर संक्षेप



### लाहोटी मित्र मंडल ने मनाया बेटी दिवस

**रायपुर।** लाहोटी मित्र मंडल ने बुधवार को धूमधाम से बेटी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 27 प्रतिभावान बेटियों का सम्मान 27 चीजें भेंटकर बेटियों का स्वागत किया। इसी दौरान मंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक लक्ष्मी नारायण लाहोटी, लायन जेएस ठाकुर और मित्र मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### मराठी के कॉमेडियन दीपक दर्शकों को आज करेंगे हंसा-हंसाकर लोटपोट

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की 90वा वर्षगांठ समारोह पर तीन दिवसीय 3 से 5 अक्टूबर तक मराठी सोहला (मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में शुक्रवार को शाम 7 बजे मराठी के दिग्गज स्टैंडअप कॉमेडियन दीपक देशपांडे दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करेंगे।



सांस्कृतिक समिति के समन्वयक प्रेम उपवंशी ने बताया कि सोलापुर निवासी और जी मराठी के सुप्रसिद्ध रियालिटी शो के पहले हास्य सम्राट दीपक देशपांडे मराठी फिल्म इंडस्ट्री के नीलू फूले, अशोक सराफ, श्रीराम लागू, लक्ष्मीकांत बिर्डे सहित अनेक कलाकारों व राजनेता शरद पवार की हूबहू आवाज निकालने के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। आम जनता के बीच इनकी पहुंच इनके गजब के ऑब्जर्वेशन के कारण है। महाराष्ट्र मंडल के तीन दिवसीय समारोह के प्रत्येक दिन एक से एक कार्यक्रम होंगे। पहले ही दिन दीपक देशपांडे की कॉमेडी का शानदार शो इतना मजेदार होने वाला है कि लोग इसे अरसे तक याद रखेंगे।

### अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी और नगर निगम अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सेवानिवृत्त हुए। बुधवार को स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में उन्हें बुके देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, स्मार्ट सिटी लिमिटेड महाप्रबंधक ऋचा चंद्राकर, निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, जोन 9 कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता योगेन्द्र साहू, शुभम तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने उन्हें सेवानिवृत्ति पर दीर्घायु और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

### पिछड़ा वर्ग संगठन ने ज्योत जंवारा का किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया और ज्योत जंवारा का किया भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, चोवाराम देवांगन, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, रोशन निर्मलकर, वरुण निर्मलकर, अंबे बाघमार, शारदा प्रसाद सोनकर, पन्नालाल सिन्हा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

---

विधि विभाग के अध्ययन के बाद सरकार को सौंपा जाएगा ड्राफ्ट

# पुलिस कमिश्नरी का मुख्यालय पुराने रायपुर की एसआईबी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बनी उच्चस्तरीय कमेटी ने कमिश्नरी प्रणाली का प्रारूप तैयार कर डीजीपी अरुणदेव गौतम को सौंप दिया है।

अब विधि विभाग के अफसरो के साथ अध्ययन के बाद डीजीपी इसे राज्य सरकार को सौंपेंगे। विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर पुलिस मुख्यालय में एसआईबी के दो मंजिला भवन को फाइनल किया गया है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने बनाई गई उच्च स्तरीय कमेटी ने महाराष्ट्र, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, ओडिशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में कमिश्नरी मॉडल का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर की कमिश्नरी व्यवस्था को बेहतर मानते हुए करीब 60 प्रतिशत नियमों को यहां लागू करने का निर्णय लिया गया है। शेष 40 प्रतिशत कमिश्नरी प्रणाली में अन्य राज्यों में लागू सिस्टम को शामिल किए जाने की सूचना है। नई प्रणाली लागू करने राज्य सरकार की स्वीकृति मिलना शेष है।

- पुलिस कमिश्नर प्रणाली का प्रारूप तैयार, ओडिशा मॉडल से लिए गए अधिकतर प्रावधान




### कमिश्नर कार्यालय में ऐसा होगा सेटअप

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर की तर्ज पर पुलिस महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी को पदस्थ किया जाएगा। उनकी सहायता के लिए भारतीय पुलिस सेवा स्तर के 2 अतिरिक्त आयुक्तों, 6 पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), विधि अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, लेखा अधिकारी, 31 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 68 निरीक्षक/सूबेदार और सेटअप के अनुसार सभी थानों में पुलिसकर्मियों को पदस्थ किया जाएगा। अफसरों और पुलिसकर्मियों की कमी दूर करने पड़ोसी जिले और पुलिस लाइन के अतिरिक्त बल को तैनात किया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नर कार्यालय को रायपुर के पीएचक्यू में शुरू कर 34 थानों को अटैच किया जाएगा। कमिश्नर कार्यालय के सेटअप और संसाधन के लिए वित्त विभाग की मंजूरी शेष है।

### बल की कमी पूरी करने सीएएफ जवानों को डीएएफ में लेंगे

पुलिस बल की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ में सीएएफ के करीब साढ़े 300 जवानों को प्रशिक्षण के बाद डीएएफ में अस्थायी तौर पर लेने की तैयारी की जा रही है। वर्ष 2010 के बाद सीएएफ में भर्ती हुए जवानों को डीएएफ में लिया जायेगा। छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की तैनाती अब तक नक्सल मोर्चे के साथ-साथ नेता, मंत्रियों की सुरक्षा में की जाती है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने वे बाद तत्काल बल की व्यवस्था करना संभव नहीं है। साथ ही दूसरे जिलों के बल को अफसर समायोजित नहीं करना चाहते।

---

1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे कार्यक्रम

# आरएसएस प्रदेश में दो हजार स्थानों पर करेगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। प्रदेश में आरएसएस विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक दो हजार स्थानों पर हिंदू सम्मेलन करेगा। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे। अगले माह घर-घर चलो अभियान होगा। प्रदेश के सभी हिंदुओं के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। लोगों को आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जाएगी।

आएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से हो गया है। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम होगा। पहले दिन विजयादशमी पर राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कई स्थानों पर पथ संचलन किया गया।



### समाज को संगठित करने सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

### घर-घर जाएंगे, देंगे भारत माता की तस्वीर

नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के घर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया जाएगा। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी जाएगी। इस संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसी के साथ संघ की शाखाओं का भी प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। इस समय प्रदेश में 1855 शाखाएं हैं।

### युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा। सभी में राष्ट्रीयता और समाज को संगठित करने की भावना जगाने का काम होगा।

### राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे

शताब्दी वर्ष में विजयादशमी से लेकर सालभर कई कार्यक्रम होंगे। हिंदू सम्मेलन, घर-घर संपर्क अभियान से लेकर कई आयोजन सालभर चलेंगे। इनमें हमारे प्रदेश स्तर के स्वयंसेवक और पदाधिकारी तो शामिल होंगे ही, साथ ही राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे।

**- टोपलाल वर्मा**
प्रांत संघचालक

---

केंद्र से छत्तीसगढ़ को मिले 3462 करोड़

# मुख्यमंत्री ने जताया पीएम और वित्तमंत्री का आभार

- साय बोले-राज्य के वित्तीय संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कर हस्तांतरण अंतर्गत 3,462 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, नवरात्रि एवं दशहरा जैसे पावन अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा दिया गया यह आबंटन छत्तीसगढ़ की जनता के लिए वास्तव में एक अनमोल उपहार है।

यह राशि राज्य के वित्तीय संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगी, विकास परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी तथा लोककल्याणकारी योजनाओं को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार छत्तीसगढ़ को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सतत प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सहयोग से प्रदेशवासियों का जीवन और अधिक खुशहाल एवं सुरक्षित बनेगा।उल्लेखनीय है कि आगामी त्यौहारी मौसम को देखते हुए और राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास, कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,01,603 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हस्तांतरण जारी किया है। यह 10 अक्टूबर को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है।

### राज्य में विकास की गति को और तीव्र करेगा : चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने राज्यों को अग्रिम कर अंशदान के रूप में 1,01,603 करोड़ जारी किये हैं। इसमें से छत्तीसगढ़ को 3,462 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। यह सहयोग राज्य में विकास की गति को और तीव्र करेगा, जनकल्याणकारी योजनाओं को सशक्त बनाएगा। पावन पर्व-त्योहारों के समय में नव आशा और समृद्धि का संचार करेगा।

---

# पर्यवेक्षकों के आने का इंतजार, जिला अध्यक्ष बनने दावेदारों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों का चयन करने एआईसीसी के पर्यवेक्षक अब आएंगे। वे अपने प्रभार वाले जिलों में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पीसीसी के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर पैनल तैयार करेंगे। पैनल में से एक नाम एआईसीसी द्वारा तय कर जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के 41 संगठन जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है।

प्रदेश में कांग्रेस के 41 संगठन जिले हैं, जिनमें से 11 में छह माह पहले अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है। 30 जिलों में नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर निष्क्रिय लोगों को हटाया जा सकता है। पर्यवेक्षकों को यहां पर जिलों का आवंटन एक-दो दिन बाद पीसीसी अध्यक्ष के लौटने पर किए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि एक पर्यवेक्षक को दो जिलों का आवंटन होगा। पर्यवेक्षक अक्टूबर के पहले सप्ताह में आकर प्रक्रिया पूरी करेंगे। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा। बताया गया है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब नए सिरे से होगी। कांग्रेस के संगठन जिलों में अध्यक्ष बनाए जाएंगे। पूर्व में तीन माह पूर्व 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। नए निर्देश के बाद अब सभी जगहों पर नए जिला अध्यक्ष बनाए जाने के संकेत हैं।

- सभी जिलों की रिपोर्ट एआईसीसी को भेजी गई
- पहले सप्ताह में आएंगे पर्यवेक्षक, बैठक कर एआईसीसी को सौंपेंगे नाम



### सुबोध, श्रीकुमार, शिव सिंह प्रमुख दावेदार

राजधानी रायपुर में शहर जिला अध्यक्ष बनने के लिए कई कांग्रेस नेताओं ने अपनी दावेदारी की है। दावेदारों में युवा नेता सुबोध हरितवाल, वर्तमान प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस में अनेक पदों पर रहे। वे राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में युवा कांग्रेस में कार्य किया। कांग्रेस संगठन में भी उनकी अच्छी पकड़ है। दूसरे दावेदारों में श्रीकुमार मेनन हैं, वे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। निगम की राजनीति में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं। दावेदारों में शिव सिंह ठाकुर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस में संयुक्त महामंत्री हैं। उन्होंने आरडीए सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं भी दी हैं। अन्य दावेदारों में सुनील कुकरेजा और पंकज मिश्रा प्रदेश सचिव भी हैं।

### सक्रिय लोगों को मौका

पर्यवेक्षक आएंगे और दावेदारों की रिपोर्ट जुटाएंगे। फिर 3 से 6 नामों का पैनल तैयार करके ले जाएंगे। पर्यवेक्षकों के पैनल को फिर हाईकमान अपने स्तर पर क्रॉस चेक कराएगा। ऐसे में अब सिफारिश कराने वालों की ज्यादा नहीं चलेगी, हालांकि प्रभारी और पीसीसी अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी जाएगी। मौजूदा समय में जो जिला अध्यक्ष निष्क्रिय हैं, उनके लिए पद बचाना मुश्किल होगा। पर्यवेक्षक ब्लाकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। वहां से नाम लेकर अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के साथ बैठक की पूरी सूची तैयार करेंगे।

### एआईसीसी पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे 8 को आएंगे

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर जिले के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे 8 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। 9 तारीख को सुबह पीसीसी और डीसीसी अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। उसी दिन रायपुर शहर के जिला स्तर के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे।

---

# छत्तीसगढ़ में सड़कों की खुदाई करने से पहले केंद्र के मोबाइल एप पर दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि आपके राज्य में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। यह बात उन्होंने इस संदर्भ में कही है कि सड़कों, पाइप लाइन, केबल एवं गैस पाइप लाइन आदि कार्यों के लिए सड़कों की खुदाई करने से पहले केंद्र सरकार के मोबाइल एप सीबीयूडी पर अनिवार्य रूप से जानकारी अपलोड की जानी है। श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपने राज्य के संबंधित अधिकारियों को इन मामलों की जांच करने और इनके समाधान के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दें।



### ये है मामला

दरअसल केंद्र सरकार के संचार विभाग द्वारा राज्य में डिजीटल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केबल वगैरह बिछाई जाती है। बिना सूचना के खुदाई करने से इन केबलों को नुकसान पंहुचता है और इससे नेटवर्क की समस्या पैदा होती है। इसी परेशानी से बचने के लिए केंद्रीय मंत्री ने राज्य के सीएम को हालात से अवगत कराते हुए यह पत्र लिखा है।

**सिंधिया ने बताई गड़बड़ी :** श्री सिंधियां ने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि दूरसंचार उद्योग ने आपके राज्य में आने वाली कई चुनौतियों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया है। इनमें ऊर्जा संबंधी मुद्दे और मार्गाधिकार (मार्ग) नियम, 2024 के कार्यान्वयन में देरी या विसंगतियां शामिल हैं, जो सामूहिक रूप से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल रही हैं।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया निर्देश

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के पत्र के हवाले से राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न खुदाई कार्य जैसे पाईप लाईन, केबल, एवं गैस पाईप लाईन आदि कार्यों हेतु सड़कों की खुदाई की जाती है। जिस हेतु विभिन्न एजेंसियों के द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्यों की जानकारी अनिवार्य रूप से केंद्र सरकार को मोबाइल एप कॉल बिफोर यू डिग( सीबीयूडी) पर जानकारी अपलोड की जाए।

### एप में जानकारी अपलोड नहीं कर रहे अफसर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों को भेजे गए निर्देश में यह जानकारी भी दी है कि इस संबंध में नगरीय निकायों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों एवं निकाय स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्त कर उनका पंजीयन सीबीयूडी एपमें किया जा चुका है तथा समय-समय पर ऑनलाईन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है, किन्तु आज तक नगरीय निकायों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा उक्त मोबाइल ऐप के माध्यम से निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की खुदाई की जानकारी अपलोड नहीं किया जा रहा है। नगरीय निकायों में पदस्थ सभी अभियंताओं को निकायों में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की खुदाई की जानकारी एप में शीघ्र अपलोड करने कहा गया है।

---

# कांग्रेस का आरोप- जेम पोर्टल पर हो रहा भ्रष्टाचार, सरकार ने भी माना

80 जेम पोर्टल के माध्यम से अब तक जितनी खरीदी हुई उसकी जांच की हो : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जेम पोर्टल की खरीदी की गड़बड़ियों की जांच की घोषणा बताती है कि सरकार भी मान रही इसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जेम पोर्टल से की गई सभी खरीदी की जांच होनी चाहिए।



कांग्रेस सरकार के समय सीएसआईडीसी के माध्यम से हो रही खरीदी को भाजपा सरकार बनने के बाद इसीलिए बंद किया गया था, ताकि भ्रष्टाचार किया जा सके। राज्य के बाहर के सप्लायरों से कमीशन लेकर खरीदी की जाय। जेम पोर्टल के माध्यम से अब तक जितनी खरीदी हुई है, इस पूरी खरीदी की जांच की जानी चाहिये। जेम पोर्टल की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। स्थानीय व्यापारियों की अनदेखी हुई है, पोर्टल से हुई अधिकतर खरीदी राज्य के बाहर के सप्लायरों से हुई है। जेम पोर्टल से 300 का जग 32000 में खरीदा गया है। 1 लाख की टीवी 10 लाख में, 60 हजार की रोटी मेकर मशीन 8 लाख में खरीदी गयी। 1539 का ट्रेक सूट 2499 में खरीदा गया। यह है जेम पोर्टल का कमाल, सरकार में बैठे हुये लोग जेम पोर्टल के माध्यम से राज्य के खजाने पर डाका डाल रहे हैं। आठ लाख की रोटी खरीदी मामले में लीपापोती करने में पूरी सरकार जुटी है, जबकि इस मामले में अभी तक एफआईआर हो जानी थी।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हवन-पूजा के बाद किया गया भंडारे

**तिल्दा नेवरा।** हवन पूजा के साथ विशाल भंडारा किया गया जिसमें डी एम एफ के सदस्य तुलसी राम गौतम, उपसरपंच गीतू महेश कोसले वार्ड पंच नमिता गौतम टीकेश्वरी साहू ,सोमकांत अमन, गगन जागेश्वर मानिकपुरी रमेश दास सोनू पवन मोनू शरद, रोशन धर्मेंद्र दास भुनेश्वरी साहू सुरेंद्र यदु दीपक राजेश सन्नी लल्ला बठवा मारूति जानकी वंदना बरखा पिंकी अन्नू व पंडा बाबा टेकराम भट्ट नवदुर्गा सेवा समिति, राधा रानी एवं शारदा मानस मंडली के सभी का विशेष सहयोग रहा है।

### नारा में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई



**आरंग।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती ग्राम पंचायत नारा के गौठान पास स्थित अमृत सरोवर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच मीना जांगड़े ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम में स्वच्छता महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं ने गांधीजी के स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और ग्रामोदय के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सरपंच मीना जांगड़े ने कहा कि गांधीजी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। उनके विचार आज भी समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम हैं। इस अवसर पर महिलाओ ने सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब किनारे की साफ-सफाई भी की।

# भव्य और दिव्य शोभायात्रा निकाली और मातारानी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शारदीय नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को माँ दुर्गा की प्रतिमा का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। भक्तिमय वातावरण में विदाई के पूर्व दिन भर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चलती रही। सुबह भक्ति संगीत के बीच माँ की मंगल आरती की गई, जिसके बाद प्रतिमा को ट्रैक्टर पर सजाकर भव्य शोभायात्रा के रूप में ग्राम भ्रमण पर निकाला गया।शोभायात्रा के दौरान गाँव की गलियाँ जय माता दी के जयघोष से गूंज उठीं। महिलाओं ने अपने घरों के सामने रंगोली (चौक) बनाकर माँ का स्वागत किया और पारंपरिक रीति से आरती उतारी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस यात्रा में भाग लेकर माँ दुर्गा को विदाई दी।शाम के समय गाँव के प्रमुख तालाब के तट पर माँ दुर्गा की विशेष पूजा की गई। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां की महाआरती कर सभी श्रद्धालुओं को तिलक व प्रसाद वितरित किया। पूजा उपरांत भक्तों ने माँ से सुख-समृद्धि की कामना की और फिर भावुक माहौल में प्रतिमा का जल में विसर्जन किया गया।इस दौरान गावो में पूरे आयोजन में एकजुटता और आस्था का जो परिचय दिया, वह सराहनीय रहा। महिला मंडलों, युवाओं और ग्राम समिति के सदस्यों ने मिलकर समस्त कार्यक्रम को सफल बनाया। विसर्जन के समय कई भक्तों की आँखें नम हो गईं, लेकिन सभी ने अगले वर्ष माँ के पुनः आगमन की कामना के साथ /"अगले बरस फिर आना माँ/" के नारों से माँ को विदा किया।



### शोभायात्रा और ज्योति कलशों का किया विसर्जन



तिल्दा नेवरा। शहर व क्षेत्र में गुरुवार को श्रद्धा उत्साह पूर्वक माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर कई दुर्गेत्सव समितियों द्वारा दुर्गा पंडालों के पास ज्योत जवारा भी प्रज्वलित किए गए थे जिसकी भी माता दुर्गा के साथ आज श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। पुरानी बस्ती तिल्दा में तीन स्थानों से एक साथ विसर्जन के लिए माता की प्रतिमाओं एवं जोत जवारा निकाली गई मां मावली माता मंदिर के पास तीनों दुर्गा उत्सव समिति एकत्र हुए और वहां से माता सेवा जस गीत के साथ विसर्जन की शोभा यात्रा एक साथ निकाली गई, जहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित हुए, पुरानी बस्ती तिल्दा के छोटे तालाब में विसर्जन किया गया। साथ ही उक्त तालाब में तिल्दा नेवरा शहर के अन्य स्थानों से भी माता दुर्गा की प्रतिमाएं एवं जोत जवारा का विसर्जन आज किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए।

## दिवस

### विधायक अनुज शर्मा ने दशहरा और गांधी-शास्त्री जयंती पर दी शुभकामनाएं

# सिलयारी में गांधी प्रतिमा और लाखों की आंबा का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी में का दिन अभूतपूर्व विकास और राष्ट्रीय पर्वों के महासंयोग का साक्षी बना। महात्मा गांधी की जयंती और विजय दशमी (दशहरा) के एक ही दिन पड़ने के अत्यंत शुभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने लाखों रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया, जिसमें एक नवीन आंगनबाड़ी भवन प्रमुख है। इसी अवसर पर, ग्राम में तीन वर्ष पूर्व खंडित हुई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के स्थान पर स्थापित की गई नवीन तेजस्वी प्रतिमा का भव्य लोकार्पण भी किया गया।

**असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है विजय दशमी :** विधायक अनुज शर्मा ने इस ऐतिहासिक दिवस पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए दोनों पर्वों के महत्व को जोड़ा और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज हम एक अपूर्व और महान संयोग के साक्षी हैं। आज एक ही दिन पर हम सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी की जयंती मना रहे हैं, और इसी दिन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक—विजय दशमी का महापर्व भी है! मैं इस दोहरी खुशी के अवसर पर आप सभी को दशहरा और गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। विधायक ने आगे कहा कि जैसे दशहरे पर राम ने रावण के अहंकार का वध किया, वैसे ही गांधी जी ने सत्याग्रह से अन्याय की ताकत को झुकाया। आज जब हम यहाँ इस नवीन आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन कर रहे हैं, तो यह गाँव में शिक्षा, स्वास्थ्य और समरसता रूपी सत्य की स्थापना है। ग्राम की सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू ने भी सभा को संबोधित किया और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा विधायक के सहयोग और ग्रामवासियों की एकजुटता से, हम कुरूद सिलयारी को केवल ग्राम नहीं, बल्कि एक आदर्श ग्राम का मॉडल बनाकर दिखाएंगे। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूँटे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, जनपद सदस्य विजय साहू, अरविंद ठाकुर, ग्राम सरपंच श्रीमती रूखामणी साहू, उपसरपंच गजेन्द्र साहू सहित पंच गण व ग्रामीण उपस्थित थे।



### अग्रसेन योगासन शाखा ने गाँधी और शास्त्री की जयंती मनाई

आरंग। अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्कर साहू, पार्षद आरंग एवं विशिष्ट अतिथि चमन सिन्हा द्वारा डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरू जी सदाशिव गोलवलकर, महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी की छायाचित्र एवं भारतीय शस्त्रों की पूजा अर्चना कर एवं भगवा ध्वज फहरा कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्कर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना सौवाँ स्थापना दिवस मना रहा है, इस दौरान संघ अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, उन कठिनाइयों को त्याग, सेवाभाव एवं परिश्रम से दूर कर आज यहाँ तक पहुंचा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व के अनेक देशों में है, आज हर कोई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता को सम्मान की दृष्टि से देखता है। वक्ता अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि अंग्रेजों के कूटनीतिज्ञ चाल से नाराज होकर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन 27 सितंबर 1925 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रखी। सन 1926 में संघ का नामकरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रखा गया एवं सन 1928 में भगवा ध्वज को गुरु के रूप में स्वीकार किया गया। तब से गुरु पूर्णिमा अर्थात आषाढ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन जो भी ध्वज के सामने कुछ अर्पित करते हैं उसी से संघ का कार्य चलता है। सत्य एवं अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्होंने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सादगी, विनम्रता, ईमानदारी एवं राष्ट्र के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी को उनके जन्म दिन पर नमन किया गया। इस अवसर पर चमन सिन्हा, बृजेश अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, अभिनेष अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, ओम गुप्ता, शंकर पाल, गोपाल पाल, कामता पाल, सूरज साहू, बलराम साहू एवं तेजराम जलक्षत्री उपस्थित थे।

### गांधीजी की जयंती समोदा में मनाई गई

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा के बूथ क्र. 125 में 2 अक्टूबर गांधी जयंती मनाया गया। जिसमें महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पण कर पूजा किया गया। स्वच्छता का संदेश देते हुए सभी नगरवासी एवं सभी ग्रामीण स्वजनों को अपील किया गया कि अपने आसपास को स्वच्छ बनाए रखें। इस कार्यक्रम अवसर में देवकुमार समोदा मंडल अध्यक्ष, पीला राम निषाद जिला संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण, नेतराम वर्मा, डालू रामपाल कार्यालय प्रभारी, नगर पंचायत समोदा लेखापाल चौधरी, चन्द्रशेखर साहू सोशल मीडिया प्रभारी समोदा मंडल, खुलेश साहू भाजयुमो जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, लक्ष्मी ध्रुवंशी, रूपलाल, राजकुमार एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### मंत्री खशवंत गुरु आज तीन सड़कों का करेंगे भूमि पूजन

आरंग। क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की शुरुआत आज साकार होने जा रही है। आरंग जनपद अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण सड़क एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं का भूमि पूजन कार्यक्रम 3 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक दिन क्षेत्र के विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्रीय विधायक तथा कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब अपने करकमलों से गुखेरा से फरफौद सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण ग्राम परसकोल से रानीसागर मार्ग का निर्माण भोथली से फरफौद तक नाली पार निर्माण कार्य का आधारशिला रखेंगे। इधर क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जब सरकार की नीयत और नीति दोनों स्पष्ट होती हैं, तब विकास की गति अवश्य तीव्र होती है। इन परियोजनाओं से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिलेगी।

### डीए और डीआर में वृद्धि का स्वागत

आरंग। मोदी सरकार ने दशहरा दीवाली पूर्व अपने कर्मचारियों को 1 जुलाई 2025 से डीए और डीआर में 3% वृद्धि की सौगात दी है जिससे केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी की लहर है। शिक्षक कल्याण संघ प्रवक्ता छत्रधर दीवान, नेमेश्वर साहू, टी के कोटरे, अरुण कुमार धीवर, रोमेश चंद्राकर, राजू चंद्राकर, आर एस कुंजे, जगजीवन राम जांगड़े, टीकाराम साहू, दिनेश चंद्राकर, हीरामणि साहू, डी पी बघेल आदि ने दीवाली पूर्व राज्य कर्मचारियों को भी 3% डीए व डीआर प्रदान करने की मांग की है।

# 49 पौवा बरामद, कोचिया गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा में अवैध रुप से मदिरा के साथ 1 आरोपी वाहन के साथ गिरफ्तार, 8.84 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त। सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर संगीता, कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देश एवं प्रभारी उपायुक्त आबकारी रायपुर राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में 02 अक्टूबर 2025 को अवैध रूप से मदिरा धारण / परिवहन करने की सूचना में तिल्दा नेवरा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से धारित मदिरा 49 नग पाव देशी मदिरा मसाला बरामद किया गया। उक्त मदिरा को दुपहिया वाहन सहित जप्त कर आरोपी सुनिल निषाद के विरुद्ध छ.ग.आब.अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही तिल्दा वृत प्रभारी मेधा मिश्रा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक दिगंबर भूरा का विशेष योगदान रहा।



### निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राएं पुरस्कृत



**तिल्दा नेवरा।** विश्व ओजोन दिवस पर अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा "सेवा पर्व अभियान" के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ताराशिव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दो विद्यालयों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ताराशिव और शासकीय मिडिल स्कूल, ताराशिव के 200 से अधिक छात्र एवं 15 शिक्षक शामिल हुए। छात्र ताराशिव, चिचोली, रायकहेड़ा, खपरी और मोरेंगा सहित आसपास के गाँवों से आए थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण और उसके पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति बच्चों को जागरूक करना था। इस अवसर पर पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति अपनी समझ का परिचय दिया। परियोजना प्रमुख, अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर ने कहा हमारा प्रयास है कि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाया जाए। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देते हैं। शासकीय

# रामलीला के मंचन के बाद किया रावण पुतले का दहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम खैरखूँट,सड्डू, तरपोंगी में 2 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ विजया दशमी का पर्व मनाया गया।जिससे आस पास के ग्रामीण भी इस उत्सव में शामिल हुये। इस बार बारिश के चलते कम दिनों का राम लीला का मंचन किया गया। आकर्षक वेश भूषा के साथ राम रावण का संवाद हुआ। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रावण दहन होते तक डटे रहे।

### फायर सेफ्टी पर माकड्रिल में अधिकारी हुए शामिल

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मॉक फायर ड्रिल(लेवल 2) का सफल आयोजन किया। यहां आयोजन भविष्य में कभी भी किसी भी प्रकार के आकस्मिक आग जानी की घटना दुर्घटना होने पर कम समय में आग पर नियंत्रण पाया जा सके जिसकी तैयारी का अवलोकन किया गया । इस अवसर पर फैक्ट्री विभाग से डिप्टी डायरेक्टर रज्जू कुमार अपनी उपस्थिति देकर अपने मूल्यवान सुझाव एवं सुरक्षा संबंधित दिशा निर्देश साझा किया। इस मॉक ड्रिल में म्युचुअल एंड सदस्य जैसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ,जिंदल , ,हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, आई आर डी, आई ओ टी एल, बी पी सी एल, और मिवान स्टील प्लांट के अधिकारी सम्मिलित हुए।

## ग्राम सभा की महत्ता और अधिकारों की जानकारी दी

# ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी




छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (CG-SRLM) के भूमि संकुल सांकरा में पंचायती राज संस्थान और समुदाय आधारित संगठन कन्वर्जेंस परियोजना के अंतर्गत ग्राम सभा हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्राम वासियों को ग्राम सभा की महत्वता और उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना।

रैली में ग्राम वासियों को ग्राम सभा की महत्वता और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैसे ग्राम सभा के माध्यम से वे अपने गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम वासियों को बताया गया कि कैसे सामूहिक प्रयास से गांव का विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। रैली के दौरान ग्राम वासियों को ग्राम सभा की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने विचारों को साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि उनकी भागीदारी से ही ग्राम सभा की बैठकें सफल हो सकती हैं। रैली के बाद ग्राम वासियों में ग्राम सभा के प्रति जागरूकता में वृद्धि देखी गई। लोगों ने ग्राम सभा की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेने का संकल्प लिया। सामुदायिक एकता को बढ़ावा दिया। ग्राम वासियों ने सामूहिक रूप से गांव के विकास के लिए काम करने का निर्णय लिया। रैली के आयोजन से ग्राम सभा की बैठकों में भागीदारी में वृद्धि हुई और ग्राम विकास के लिए सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम उठाए गए।

## पेज 11 के शेष...

### जयकारों के साथ मां दुर्गा...

176 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया गया। यह सिलसिला 5 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक चलेगा। नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल पर 7 क्रेन की व्यवस्था की गई है। इसमें से 5 क्रेन मशीन दुर्गा मां की बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए लगाई गई हैं, जबकि 2 मशीन से विसर्जन कुंड से ढांचा निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। तीन पाली में 90 गोताखोर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थल पर उपलब्ध कराए गए हैं। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तथा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक अलग-अलग जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लगाई गई है। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया जा रहा है। विसर्जन स्थल की सतत निगरानी के लिए 6 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा पुलिस की टीम तथा अग्निशमन विभाग की टीम की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्टेशन में लिफ्ट...

लिफ्ट पर अधिक बढ़ गया है। रेलवे को लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थिति को लेकर नियमित निगरानी और त्वरित मेंटेनेंस की आवश्यकता है, ताकि यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

### 48 घंटे बाद कम होगी बारिश...

बाद हवा की दिशा में परिवर्तन होने के साथ मानसून की विदाई संभावित है। हवा की दिशा पश्चिमी अथवा दक्षिण-पश्चिम होने के स्थान पर जब उत्तर-पूर्व की ओर होगी, तब मानसूनी गतिविधियां थम जाएंगी। इसके पूर्व लगभग एक सप्ताह तक छग में मानसूनी असर देखने को मिलेगा।

### 33 डिग्री के साथ राजनांदगांव...

31.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 23.5 डिग्री दर्ज हुआ। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं होगा। मानसून विदाई पश्चात ही इसमें बदलाव देखने को मिलेगा। विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, राजधानी रायपुर में शुक्रवार को आसमान मेघमय रहेगा। गरज-चमक के साथ देर शाम अथवा रात्रि में बारिश संभावित है।

### ग्राम टेकारी के दो यार्ड में...

पाइप जब्त किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दोनों यार्ड के संचालक अभी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। nविधानसभा प्रभारी ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रिंग रोड नंबर-3 स्थित ग्राम टेकारी में 2 यार्ड में टैंकरों से पेट्रोल-डीजल चोरी कर संग्रहित करने का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने योजना बनाकर दोनों यार्ड में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान एक यार्ड को चेक करने पर वहां टैंकर वाहन में डीजल-पेट्रोल भरा होने के साथ ही अलग-अलग ड्रम में भी डीजल एवं पेट्रोल रखा मिला। इस तरह इस यार्ड से ट्रक टैंकर तथा अलग-अलग ड्रम में रखे कुल 15300 लीटर पेट्रोल एवं 31000 लीटर डीजल बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा यार्ड से घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10एएफ 0113, सीजी04पीआर7421, सीजी04पीटी8504, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप बरामद किया है। इस यार्ड से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार दूसरे यार्ड में छापा कार्रवाई के दौरान यार्ड में अवैध रूप से संग्रह कर बिक्री करने रखे कुल 1500 लीटर डीजल तथा 40 लीटर पेट्रोल कुल कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार रुपए के साथ घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10बीयू2417, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप जब्त किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मौके पर पकड़े गए...

थाना सिदारी उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम पिरदा चौक रायपुर, नीरज कुमार 23 वर्ष निवासी सरपट्टा थाना चांदा जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम गुजरा थाना मंदिर, अरविंद गोड़ 38 वर्ष निवासी ग्राम सेदर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव मंदिर हसौद एवं रोहित सरोज 24 वर्ष निवासी ग्राम सेउर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव रायपुर शामिल हैं।

### दोपहिया को ठोकर मारने...

तीनों नाइजीरियन बुधवार की रात जयस्तंभ चौक स्थित रविभवन काम्पलेक्स टोयटा कार से गए थे। पुलिस के अनुसार ये तीनों एक मोबाइल दुकान में अपना मोबाइल लेने पहुंचे थे। दो दिन पहले उन्होंने इस दुकान में मोबाइल को बनाने के लिए दिया था। दुकानदार ने जब मोबाइल बनाने में आई खर्च की राशि बताई, तो उसे तीनों ने ज्यादा बताते हुए पहले दुकानदार से विवाद किया और फिर बिना पैसे दिए मोबाइल लेकर भागने लगे। इसी दौरान दुकानदार और उसके साथियों ने तीनों नाइजीरियन से पैसे लेने के लिए उसकी कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चला रहे एक नाइजीरियन ने भीड़ की परवाह किए बिना भागने के प्रयास में कार को अचानक बैक कर दिया, जिससे पीछे से आ रहा दोपहिया वाहन सवार भी उसकी ठोकर से सड़क पर गिर गया। इस बीच एक युवक कार से उतरकर देखने लगा, वहीं उसके अन्य साथी उसे वहीं छोड़ कार से फरार हो गए।

## खबर संक्षेप



### सोनकरपारा से निकाली ज्योति जंवारा विसर्जन यात्रा

**रायपुर।** माता सत्ती मंदिर (सत्ती चौरा) सोनकर पारा पुरानी बस्ती के दरबार में नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के समापन के बाद ज्योति-जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। साथ ही धार्मिक गीत गाते हुए और मातारानी के जयकारे लगाते हुए भक्तजन गांव का भ्रमण करते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि बैगाओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता को अंतिम विदाई दी जाती है। जंवारा का विसर्जन बूढ़ा तालाब में किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा भी इस के लिए सहयोग किया जाता है। उन्होंने बताय कि मान्यता है कि मंदिर के उगे जंवारा को देखकर ही आने वाला समय कैसा होगा, इसका अनुमान लगाया जाता है, जिन्होंने भी अपनी मनोकामना पूर्ति जैसे संतान प्राप्ति तथा समस्याओ के निराकरण के लिए मंदिर में ज्योत-जंवारा स्थापित कराई एवं उनके परिवार के महिला सदस्य द्वारा अपने सिर पर ज्योत-जंवारा को धारण कर विसर्जन यात्रा में सम्मिलित होने पर उनकी मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है, मनोकामना पूर्ण होने पर भी ज्योति-जंवारा स्थापित कराई जाती है।

### पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर और क्विज



**रायपुर।** क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के रीजनल अफिसर प्रकाश रबड़े के निर्देशन में सेवा पर्व के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल कारा ब्लॉक धरसींवा में पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। प्रतिभागियों ने प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के महत्व पर रचनात्मक विचार रखे। विद्यालय प्राचार्य एवं संकाय सदस्य नीतू शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रसायनज्ञ चंद्रिका कंवर, वैज्ञानिक डॉ. नंदिता सिंह बनाफर, जेएसए सुजाता शुक्ला, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. आसीमा शर्मा, अन्नू अग्रवाल, उर्मिला यादव एवं बीना यादव उपस्थित रहे।

# तालाबों की सफाई मेनुअल की जगह अब मशीन से, निगम करेगा खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

नगर निगम शहर के तालाबों की सफाई अब मेनुअल की जगह मशीन से कराएगा, ताकि कम समय और कम खर्च में तालाबों को जलकुंभी मुक्त किया जा सके। इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर 1.50 की लागत से नई मशीन खरीदी जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के इस आशय के प्रस्ताव पर महापौर मीनल चौबे की परिषद ने मंजूरी दे दी है। अब यह प्रस्ताव राज्य शासन के पास भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलते ही मशीन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। राजधानी के तालाबों को जलकुंभी से मुक्त कराने नगर निगम पहली बार मशीन का सहारा लेगा। मिलेनियम प्लस सिटी के तहत रायपुर नगर निगम ने तालाबों की सफाई कार्य के लिए एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने की योजना बनाई है। नई मशीन खरीद कर शहर के तालाबों से जलकुंभी, प्लास्टिक की पन्नी, नारियल, कपड़ा सहित अन्य तरह की चीजों की सफाई कराएगा। अभी तक तालाबों की सफाई स्थानीय मछुआरों के माध्यम से ठेका देकर कराने की परिपाटी रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है, तालाबों की मेनुअल सफाई कराने में ज्यादा समय और खर्च आता है। यही नहीं, जलकुंभी की पूरी तरह सफाई नहीं हो पाती।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.50 करोड़ की नई मशीन खरीदने प्रस्ताव



फाइल फोटो

### जलकुंभी से तालाब के पानी की क्वालिटी पर असर

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जलकुंभी की अधिकता से तालाबों के जल की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इसीलिए समय-समय तालाबों को जलकुंभी से मुक्त रखा जाना जरूरी है। पानी की क्वालिटी खराब होने का एक बड़ा कारण जलकुंभी को बताया गया है।

### शासन को भेजा है प्रस्ताव

शहर के तालाबों की मशीन से सफाई कराने के लिए मशीन क्रय करने एमआईसी ने प्रस्ताव मंजूर किया है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

- मीनल चौबे, महापौर नगर निगम रायपुर

# 30-35 साल से भी ज्यादा पुरानी हैं कई पानी टंकियां, मेंटेनेंस नहीं इसलिए हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में स्थापित कई सीमेंट से बनी पानी टंकियां जर्जर हालत में हैं। इन टंकियों को निर्माण हुए 30 से 35 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में इन टंकियों के मेंटनेंस कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है, जिसके कारण इन टंकियों के पिल्लर से लेकर टंकी का हिस्सा भी बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। मेंटनेंस नहीं होने के कारण पिल्लर इतने कमजोर हो गए हैं कि इसे देखकर लगता है कि किसी भी समय टंकी धसक सकती है। ऐसा हुआ तो न जाने कितने लोगों की इस हादसे में जानें भी जा सकती हैं। इधर जर्जर हो चुकी इन टंकियों को न ही तोड़ा जा रहा है और न ही उसका मेंटनेंस किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन एवं पीएचई विभाग भी इन जर्जर टंकियों को अनदेखा किए हुए हैं। इस अनदेखी के कारण शहर में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

हरिभूमि ने गुरुवार को शहर के कुछ इलाकों पर सालों पहले सीमेंट से बनी पानी टंकियों की स्थिति कैसी है, इसकी पड़ताल की। इस पड़ताल में बैरन बाजार स्थित हिंदू हाईस्कूल के बगल में बनी पानी टंकी का मुआयना किया। इस दौरान पता चला कि 3400 केएल पानी क्षमता की इस टंकी का निर्माण करीब 35 वर्ष पहले हुआ था। इस टंकी से पानी की सप्लाई इस इलाके के कई मोहल्ले-कालोनियों में की जाती है। हालांकि सालों पहले बनी इस टंकी की स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने इस टंकी के पीछे कुछ दूरी पर नई पानी टंकी का निर्माण कराया है।







### कभी भी धसक सकती है टंकी

नगर निगम सूत्रों से पता चला कि सालों पुरानी बनी इस टंकी का रखरखाव भी पिछले कई वर्षों से नहीं हुआ है। टंकी की सफाई का कार्य भी एक साल पहले हुआ है, जिसकी तारीख टंकी के नीचे बने भवन की दीवार में अंकित है। सूत्रों से यह भी पता चला कि इस टंकी की सफाई के दौरान ही निगम के इंजीनियरों ने टंकी को जर्जर घोषित कर तोड़े जाने की सलाह दी थी, लेकिन इसके बाद भी इस टंकी को निगम ने अब तक जर्जर घोषित नहीं किया है।

### *ऑक्सीजोन के पास की पानी टंकी भी जर्जर, राहगीरों के लिए खतरा*

*ऑक्सीजोन और जिला पंचायत रायपुर भवन मार्ग पर बनी पानी टंकी भी जर्जर हालत में है। इस टंकी को भी लगभग 30 साल पहले यहां बसी पीएचई कालोनीवासियों के लिए बनाया गया था। इस कालोनी को यहां से हटाकर आक्सीजोन में बदल दिया गया है, लेकिन यहां बनी टंकी को अब तक हटाया नहीं गया है, जबकि इस टंकी को उपयोग में भी लाया नहीं जाता। इसके बाद भी टंकी को तोड़ा नहीं जा रहा है। यह टंकी अगर अचानक धसकती है, तो इस मार्ग पर भी बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि इस मार्ग पर हर दिन हजारों लोग आवागमन करते हैं।*

### *उचित रखरखाव एवं गुणवत्तायुक्त निर्माण पर निर्भर लाइफ लाइन*

*पानी टंकी की लाइफ लाइन कितने साल की होती है, यह टंकी के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसके उरखरखाव पर निभर होता है। कंक्रीट से बनी टंकी की लाइफ लाइन वैसे तो 20 से 30 वर्ष होती है, लेकिन गुणवत्ता के साथ रखरखाव अच्छा हो, तो इसकी लाइफ और बढ़ जाती है। वहीं रखरखाव अच्छा नहीं रखा, तो 10 से 15 वर्षों में ही टंकी जर्जर होकर तोड़े जाने की स्थिति में पहुंच जाती है।*

# नर्सिंग कालेजों को मान्यता संबद्धता मिल चुकी, काउंसिलिंग शुरू होने का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल और आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता और संबद्धता प्राप्त हो चुकी है, मगर चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग शुरू करने की तारीख घोषित नहीं कर रहा है। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन की अंतिम तारीख आईएनसी द्वारा 30 अक्टूबर तय की गई है। राज्य के 130 कालेजों में बीएससी एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग का पाठ्यक्रम संचालित होता है।

नर्सिंग में बहु प्रतीक्षित विषय बीएससी नर्सिंग का है, जिसकी करीब साढ़े सात हजार सीटें हैं। इसमें से 95 फीसदी सीटों पर एडमिशन विभिन्न चरणों के माध्यम से पूरा हो जाता है। इस बार एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तारीख तय नहीं किए जाने के कारण निजी कालेज प्रबंधनों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा का परिणाम काफी समय पहले घोषित हो गया था इसके बाद सीजी एनआरसी द्वारा 130 कालेजों में नर्सिंग के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए मान्यता प्रदान की थी। इसके बाद आयुष विवि द्वारा सभी कालेजों में आगामी शिक्षण सत्र के लिए संबंद्धता प्रदान कर दी गई। इस दौरान यह अनुमान था कि चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग कालेजों में एडमिशन के लिए अपनी प्रक्रिया पूरी करेगा। निजी कालेज प्रबंधन का इंतजार अब तक समाप्त नहीं हुआ है क्योंकि काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। निजी कालेज से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बीएससी की सीटें ज्यादा होने की वजह से प्रवेश प्रक्रिया में ज्यादा वक्त लगता है।



### 130 कालेजों में बीएससी एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग का पाठ्यक्रम

नियम के मुताबिक पहले दौर में आईएनसी के अनुसार एडमिशन 50 फीसदी न्यूनतम अंक के आधार पर होगा। इसके बाद कट ऑफ में कमी आने के बाद प्रवेश के नियमों में शिथिलता बरती जाएगी। राज्य में बीएससी की करीब 7500 सीट के साथ एमएससी 900 तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग की लगभग सात सौ सीटें हैं।

# निगम की दुकान दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में नगर निगम की दुकान दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। टिकरापारा पुलिस ने शिकायत पर इस मामले में एक महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार रावतपुरा कालोनी फेज-2 निवासी किरण जैतवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी परिचित खुशबू सोनी से चर्चा करते हुए बताया था कि उसका पति दुकान खोलना चाहता है, जिसके लिए वह दुकान ढूंढ रहा है। इस पर खुशबू ने उसे बताया कि नगर निगम में उसकी अच्छी पहचान है और वह भाठागांव बसस्टैंड स्थित नगर निगम की एक दुकान दिला सकती है, जिसके लिए वह आईडीएफसी बैंक से लोन भी निकलवा देगी, लेकिन इस काम के लिए शुरुआत में उसे 6 लाख रुपए देने होंगे। किरण ने खुशबू की बातों में आकर उसे 6 लाख रुपए दे दिए, लेकिन पैसे लेने के बाद खुशबू उसे दुकान और लोन दोनों नहीं दिला पाई, वहीं जो पैसे लिए थे उसे भी वापस नहीं किया। पुलिस ने मामले में अब आरोपी महिला के विरुद्ध धारा 318-4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## डीकन आनंद और बलुदु आज बनेंगे फादर





**रायपुर।** सेंट जोसेफ महागिरजाघर में शुक्रवार को सुबह 10 पुरोहिताभिषेक समारोह होगा। इसमें डीकन रेवरेंड फादर आनंद और डीकन रेवरेंड फादर बलुदु का पुरोहित पद पर अभिषेक होगा। आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर यह पवित्र संस्कार संपन्न करेंगे। इस मौके पर प्रदेशभर के फादर, डीकन, ब्रदर, सिस्टर्स, समाज प्रमुख आदि शामिल होंगे। दोनों डीकन धार्मिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद रायपुर में धर्म सेवकाई दे रहे थे।

पुरोहिताभिषेक के बाद उन्हें चर्च में सेवकाई के लिए पदस्थ किया जाएगा।

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद दाम 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद सौ रुपए हो गई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 110 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 100 रुपए और बहुत ज्यादा अच्छी क्वालिटी की कटनी की उपहार दाल 110 रुपए में मिल रही है। बीते साल के दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं।

ज्यादातर दालों के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं। मटर के दाम बहुत कम हो गए हैं क्योंकि इस पर आयात शुल्क में अगले साल मार्च तक केंद्र सरकार ने छूट दे दी है। मटर के दाम थोक में 36 से 38 और चिल्हर में 40 से 45 रुपए है। इसके दाम भी बीते साल सौ रुपए से ज्यादा थे। अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र और मप्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र और मप्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।



### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 110 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दौ सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### *अन्य दालें भी सस्ती*

*अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 72 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए, मूंग दाल थोक में 110 और चिल्हर में 120 रुपए है। देशी चना थोक में 60 से 65 चिल्हर में 70 से 75 रुपए में मिल रहा है। चना दाल थोक में 75-80 और चिल्हर में 90 रुपए किलो है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए में बिक रहा है।*

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा और आईआईएफएल फाइनेंस के बीच सह-उधार समझौता

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा और आईआईएफएल फाइनेंस ने एक सह-उधार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बैंकिंग से वंचित लोगों को सुलभ स्वर्ण ऋण प्रदान करना है। यह समझौता विशेष रूप से छोटे उधारकर्ताओं को कृषि और संबद्ध कार्यों के लिए त्वरित, किफायती ऋण मुहैया कराने पर केंद्रित है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, आईआईएफएल फाइनेंस ऋण वितरण और सेवा प्रदान करेगा, जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा वित्तीय भागीदारी निभाएगा। यह तकनीक-संचालित साझेदारी पारदर्शिता, दक्षता और ग्राहक सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। आईआईएफएल की कीर्ति तिम्मानगौदर ने कहा कि यह समझौता ऋण को आम लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के मधुर कुमार ने इसे वित्तीय समावेशन की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

### दिवाली एडिट के साथ तीन दिवसीय सूत्रा इंडियन फैशन एग्जीबिशन आज से

**रायपुर।** देशभर में प्रसिद्ध सूत्रा इंडियन फैशन एग्जीबिशन 3 अक्टूबर से बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित होने जा रहा है। तीन दिवसीय यह भव्य आयोजन 5 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें हर दिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फैशन और लाइफस्टाइल के 90+ स्टॉल्स सजे रहेंगे। इस बार सूत्रा लेकर आया है 'दिवाली एडिट', जिसमें पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों का खास संगम देखने को मिलेगा। कोत्योर वियर, ट्रेडिशनल आउटफिट्स, एसेसरीज, हाई हील्स, होम डेकोर और ज्वेलरी आदि सबकुछ एक ही छत के नीचे मिलेगा। ऑर्गेनाइजर्स ने बताया कि इस खास एडिशन का उद्देश्य दिवाली से पहले लोगों को किफायती और यूनिक डिजाइनों तक पहुंच देना है। यह एग्जीबिशन फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए न सिर्फ शॉपिंग, बल्कि ट्रेंड्स से रूबरू होने का भी शानदार अवसर है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर बुधवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय सभागार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए।

उन्होंने बताया कि बढ़ते डिजिटल लेन-देन के चलते साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे निपटने के लिए सतर्कता बेहद आवश्यक है। डॉ. सिंह ने बैंक स्तर पर एक विशेष साइबर हेल्पलाइन शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे ग्राहकों को समय पर सहायता मिल सके और उनके पैसों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर आंचलिक प्रमुख बीआर रामा कृष्णा नायक और क्षेत्रीय प्रमुख राज किशोर केरकेट्टा ने डॉ. सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सतर्कता अधिकारी एनके मंगल ने किया।

## पेज 11 के शेष

### जयकारों के साथ मां दुर्गा...

176 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया गया। यह सिलसिला 5 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक चलेगा। नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल पर 7 क्रेन की व्यवस्था की गई है। इसमें से 5 क्रेन मशीन दुर्गा मां की बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए लगाई गई हैं, जबकि 2 मशीन से विसर्जन कुंड से ढांचा निकालने का काम लगातार किया जा रहा है। तीन पाली में 90 गोताखोर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थल पर उपलब्ध कराए गए हैं। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तथा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक अलग-अलग जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लगाई गई है। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया जा रहा है।

### स्टेशन में तीन एस्केलेटर...

सिर्फ एक ओर से चालू है, जबकि दूसरी ओर का हिस्सा बंद पड़ा है। तीसरा एस्केलेटर, जो नीचे उतरने के लिए है, सोमवार तक खराब था। हालांकि अब उसे ठीक कर लिया गया है, लेकिन सभी यात्रियों का दबाव अब एक ही एस्केलेटर पर आ गया है। अब यात्रियों ने मांग है कि रेलवे जल्द से जल्द सभी एस्केलेटरों की मरम्मत कराए ताकि यात्रा सुगम हो सके।

### स्टेशन में लिफ्ट...

लिफ्ट पर अधिक बढ़ गया है। रेलवे को लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थिति को लेकर नियमित निगरानी और त्वरित मेंटेनेंस की आवश्यकता है, ताकि यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

### 48 घंटे बाद कम होगी...

बाद हवा की दिशा में परिवर्तन होने के साथ मानसून की विदाई संभावित है। हवा की दिशा पश्चिमी अथवा दक्षिण-पश्चिम होने के स्थान पर जब उत्तर-पूर्व की ओर होगी, तब मानसूनी गतिविधियां थम जाएंगी। इसके पूर्व लगभग एक सप्ताह तक छग में मानसूनी असर देखने को मिलेगा।

### ग्राम टेकारी के दो यार्ड में...

पाइप जब्त किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दोनों यार्ड के संचालक अभी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। विधानसभा प्रभारी ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रिंग रोड नंबर-3 स्थित ग्राम टेकारी में 2 यार्ड में टैंकरों से पेट्रोल-डीजल चोरी कर संग्रहित करने का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने योजना बनाकर दोनों यार्ड में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान एक यार्ड को चेक करने पर वहां टैंकर वाहन में डीजल-पेट्रोल भरा होने के साथ ही अलग-अलग ड्रम में भी डीजल एवं पेट्रोल रखा मिला। इस तरह इस यार्ड से ट्रक टैंकर तथा अलग-अलग ड्रम में रखे कुल 15300 लीटर पेट्रोल एवं 31000 लीटर डीजल बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा यार्ड से घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10एएफ 0113, सीजी04पीआर7421, सीजी04पीटी8504, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप बरामद किया है। इस यार्ड से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार दूसरे यार्ड में छापा कार्रवाई के दौरान यार्ड में अवैध रूप से संग्रह कर बिक्री करने रखे कुल 1500 लीटर डीजल तथा 40 लीटर पेट्रोल कुल कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार रुपए के साथ घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10बीयू2417, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप जब्त किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मौके पर पकड़े गए...

थाना सिदारी उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम पिरदा चौक रायपुर, नीरज कुमार 23 वर्ष निवासी सरपट्टा थाना चांदा जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम गुजरा थाना मंदिर, अरविंद गोड़ 38 वर्ष निवासी ग्राम सेदर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव मंदिर हसौद एवं रोहित सरोज 24 वर्ष निवासी ग्राम सेउर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव रायपुर शामिल हैं।

### दोपहिया को ठोकर मारने...

तीनों नाइजीरियन बुधवार की रात जयस्तंभ चौक स्थित रविभवन काम्पलेक्स टोयटा कार से गए थे। पुलिस के अनुसार ये तीनों एक मोबाइल दुकान में अपना मोबाइल लेने पहुंचे थे। दो दिन पहले उन्होंने इस दुकान में मोबाइल को बनाने के लिए दिया था। दुकानदार ने जब मोबाइल बनाने में आई खर्च की राशि बताई, तो उसे तीनों ने ज्यादा बताते हुए पहले दुकानदार से विवाद किया और फिर बिना पैसे दिए मोबाइल लेकर भागने लगे। इसी दौरान दुकानदार और उसके साथियों ने तीनों नाइजीरियन से पैसे लेने के लिए उसकी कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चला रहे एक नाइजीरियन ने भीड़ की परवाह किए बिना भागने के प्रयास में कार को अचानक बैक कर दिया।

## खबर संक्षेप

### रामचरित मानस पाठ का समापन, भक्तों की उमड़ी भीड़



**रायपुर।** दशहरा पर्व के अवसर पर बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में दो दिवसीय आयोजित रामचरित मानस पाठ का समापन गुरुवार किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर में स्थित भगवान हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। दिनभर दर्शन का सिलसिला चलता रहा। हनुमान भक्तों ने लड्डू-बूंदी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि संकटमोचन हनुमान मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन, कीर्तन और आरती की गई। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी सहित नगरवासी शामिल हुए।

### घरेलू विवाद पर पत्नी से मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने घरेलू विवाद पर पत्नी से मारपीट करने वाले पति के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया भुनेश्वरी जांगड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 अक्टूबर को दोपहर में जयस्तंभ चौक मंदिर हसौद के पास उसके पति सूरज जांगड़े ने घरेलू बात पर उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में 296, 115-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सूने मकान में धावा कैश-जेवर, सिलेंडर पार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। घटना बीएसयूपी कालोनी उरला की है। प्रार्थी बैजनाथ चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके सूने घर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं एक गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 35 हजार रुपए आंकी है। पुलिस ने मामले में धारा 31-4, 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# एकेडमिक बैंक अकाउंट बगैर परीक्षा फॉर्म नहीं, इसे बनाने थोक में मुसीबतें, क्योंकि स्कूल में नहीं बनी अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाविद्यलयीन छात्र इन दिनों एकेडमिक बैंक बनाने कई तरह की मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। बगैर इसके छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकते। परीक्षा में शामिल होने इस अकाउंट की अनिवार्यता ने छात्रों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। जिस प्रकार स्कूलों में छात्रों को एक यूनिक नंबर अपार आईडी के माध्यम से दिया गया, उसी तरह महाविद्यालयीन छात्रों के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स का प्रावधान पिछले शैक्षणिक सत्र से किया गया है। जिन छात्रों की स्कूलों में अपार आईडी निर्मित हो चुकी है, उन्हें एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स निर्मित करने में परेशानी नहीं आ रही है, जबकि ऐसे विद्यार्थी जो स्कूली पढ़ाई छोड़ने के कई वर्ष बाद महाविद्यालयों में किसी तरह का पाठ्यक्रम कर रहे हैं, उन्हें तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में अपार आईड की शुरुआत वर्ष 2024 में हुई। इसके पहले स्कूली पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बनी है।

एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स निर्मित करने के लिए अकाउंट का उसी फोन नंबर से लिंक होना जरूरी है, जिस नंबर का प्रयोग आधार कार्ड निर्माण में हुआ है। इसके अलावा माता-पिता के नाम के स्पेलिंग सहित कई चीजों में एकरूपता अनिवार्य है। एकरूपता नहीं होने की स्थिति में सभी दस्तावेजों में सुधार कर एकरूपता के बाद छात्र एबीसी निर्माण करवा पा रहे हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अनिवार्य है छात्रों की डिजिटल आईडी

### क्या है एबीसी आईडी



एबीसी आईडी अर्थात एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक विशिष्ट 12 अंकों की पहचान संख्या है। महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले प्रत्येक छात्र की अपनी पृथक एबीसी आईडी होती है। इस डिजिटल पहचान के जरिए छात्रों का शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाता है। छात्रों के सभी तरह के शैक्षणिक रिकॉर्ड जैसे-माइग्रेशन, अंकसूची, डिग्री आदि इसमें सुरक्षित होती है।यदि छात्र किसी एक शैक्षणिक संस्थान से पढ़ाई पूर्ण कर दूसरे शैक्षणिक संस्थान में जाता है तब अकादमिक क्रेडिट के हस्तांतरण से इसमें सुविधा होती है। एनईपी में मल्टीपल एंट्री व मल्टीपल एग्जिट को बढ़ावा दिया गया है। इसे देखते हुए ही आईडी संबंधित यह व्यवस्था की गई है ताकि स्थानांतरण के दौरान छात्रों को असुविधा ना हो।

### हेल्प डेस्क निर्मित

आईडी निर्माण संबंधित दिक्कतों के लिए हेल्प डेस्क निर्मित किया गया है। रेगुलर के साथ प्राइवेट छात्रों की भी मदद की जा रही है।

- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

## महापुरुषों के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रहित में उनके योगदान की सराहना की

# गांधी-शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि, सीएम साय सहित विशिष्टजन हुए शामिल



हरिभूमि रायपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर टाउनहाल प्रांगण और आजाद चौक किनारे स्थित प्रतिमा स्थल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री चौक किनारे पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर प्रदेशवासियों की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उन्हें आदरांजलि अर्पित की। महापौर मीनल चौबे ने नगर वासियों की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही इन महापुरुषों के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रहित में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य अवतार बागल, संजना हियाल, सरिता दुबे, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद जयंती भाई पटेल, प्रेम बिरनानी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थोरानी, तेजप्रकाश बजाज, सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### जवाहर नगर मंडल ने मनाई जयंती



जवाहर नगर मंडल द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड-27 के राठौड़ चौक क्षेत्र में महात्मा गांधी और पं. लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जवाहर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांधीजी-शास्त्रीजी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में उपस्थित लौह एवं शिल्पकला मंडल के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गांधीजी का सत्य और अहिंसा का मार्ग तथा शास्त्रीजी की सादगी, दृढ़ संकल्प और 'जय जवान जय किसान' का नारा आज भी प्रेरणास्रोत है। साथ ही गांधीजी के जीवन को सत्य, अहिंसा और सेवा के लिए समर्पित बताया। उन्होंने सभी को गांधीजी के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल, पार्षद प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रमेश शर्मा, वेणुका शुक्ला, संतोष निहाल, साजन श्रीवास, विजय सोनी, प्रियंका साहू, धीरज जंघेल, सतीश जंघेल, पीलू कुलदीप, प्रणीत जैन उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने मनाई जयंती



*स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने गांधीजी और शास्त्रीजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही दोनों महापुरुषों को माल्यार्पण प्रदीप नारायण तिवारी और अखिलेश त्रिपाठी से कराया गया। इस अवसर पर पी. संतोष नायडू, शशि पांडे मिश्रा, परसराम अहीर, संजय मिश्रा, बबीता नत्थानी, सुरेश मिश्रा, अजय सोनी, संतोष नायडू, चंद्रकांत पांडे, आचार्य प्रहलाद मिश्रा, शैलेंद्र राठौर, मुकेश बावरिया, मंगल सिंह, सुधा कसार, शशि पांडे आदि शामिल थे।*



### शुक्ल भवन में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय शुक्ल भवन बूढ़ापारा में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री पं. शास्त्री का स्मरण करते हुए देश के युवाओं, किसानों के लिए किए कार्यों को बताया। कार्यक्रम में प्रवक्ता नितिन कुमार झा, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, अधिवक्ता संजय मिश्रा, आभा मुदलियार, विकास गुप्ता, प्रकाश पगारिया, डॉ. अजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गांधी-शास्त्री की विचारधारा आज भी प्रासंगिक : काले



*महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती सादगीपूर्ण तरीके से मनाई गई। इस मौके पर दोनों ही महान विभूतियां की जीवनशैली, कार्यशैली और देश के लिए किए गए त्यागपूर्ण महान कार्यों को याद किया गया। इसी दौरान मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने गांधीजी-शास्त्रीजी की तस्वीर पर तिलक लगाकर नमन किया। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि आजादी के इतने सालों बाद भी आज महात्मा गांधी की जीवनशैली, कार्यशैली और विचारधारा हमारे बीच प्रासंगिक है। आज भी हम अहिंसा को परम धर्म मानते हैं। गांधी के आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। इस अवसर पर चेतन गोविंद दंडवते, श्यामसुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, विनोद राखुंडे, भारती पलसोदकर, अजय पोतदार, प्रवीण क्षीरसागर सहित अनेक पदाधिकारी व सभासद उपस्थित थे।*

# इकलौती संतान को छात्रवृत्ति, अर्जी 23 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साल 2025 के लिए सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस स्कीम का मकसद बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना और उनकी आर्थिक मदद करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में रुकावट न आए। इस स्कॉलरशिप के तहत चुनी गई छात्राओं को हर महीने 500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। यह मदद कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए होगी यानी पूरे दो साल तक। सीबीएसई के मुताबिक, इससे बच्चियां बिना पैसों की कमी का दबाव महसूस किए अपनी पढ़ाई पर फोकस कर सकेंगी। इस स्कॉलरशिप के लिए छात्रों को केवल आवेदन की प्रक्रिया करनी होगी। यह प्रक्रिया आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है। 23 अक्टूबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं।

- कक्षा 11वीं और 12वीं में दी जाएगी आर्थिक मदद

### जरूरी है 60% अंक

सीबीएसई ने इसके लिए पात्रता शर्तें भी जारी कर दी हैं। बोर्ड के मुताबिक, इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने छात्रा का अपने माता-पिता की इकलौती संतान होना जरूरी है। कक्षा 10वीं में छात्रा के कम से कम 60% अंक आए हों। छात्रा हायर सेकंडरी की पढ़ाई किसी सीबीएसई संबद्ध स्कूल में कर रही हो। ट्यूशन फीस भारतीय छात्राओं के लिए 1,500 रुपए मंथली और विदेशी छात्राओं के लिए 6,000 रुपए मंथली से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आवेदन सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर किए जा सकते हैं। सीबीएसई ने पालकों को तय समय पर आवेदन करने की सलाह दी है ताकि अंतिम तिथि में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

## ओवरब्रिज पर हादसा, ट्रक क्षतिग्रस्त



**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर ओवरब्रिज पर आधी रात को एक ट्रक रोड पर खड़े दूसरे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में टकराने वाला ट्रक के केबिन के परिचालक तरफ के हिस्से के सारे पार्ट्स टूटकर सड़क पर जा गिरे। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। वहीं जिस ट्रक से टक्कर हुई है, उसके चालक ने ट्रक में खराबी आने के कारण वहां खड़ा किया था।

# रायपुर आएंगे डॉ. राम माधव, पॉवर, पॉलिटिक्स और पेन पर चर्चा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शुक्रवार 3 अक्टूबर को ईओ रायपुर की ओर से बौद्धिक आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय होगा 3 पीएस-पॉवर, पॉलिटिक्स और पेन। कार्यक्रम में शिरकत करने संघ के विचारक डॉ. राम माधव छत्तीसगढ़ आएंगे। सत्र के दौरान ह रि भू मि - आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ शक्ति, राजनीति एवं लेखनी पर खास चर्चा होगी। विस्तारा भवन शांतिनगर में शाम 7.15 बजे नेटवर्किंग सत्र एवं 7.45 बजे मुख्य परिचर्चा होगी। इस दौरान दोनों महानुभाव राजनीति और लेखन से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, इस मंच का मकसद शक्ति, राजनीति और कलम के आपसी संबंधों को समझना और समाज पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डालना है। उनका मानना है कि इस तरह की चर्चा प्रतिभागियों को नए दृष्टिकोण देती है और सकारात्मक संवाद की नींव रखती है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ईओ रायपुर के सदस्यों, उनके जीवनसाथियों एवं अभिभावकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का केंद्रीय विषय राजनीति और लेखनी की भूमिका को लेकर होगा कि किस तरह ये दोनों मिलकर समाज की दशा और दिशा तय करते हैं। आयोजकों का कहना है कि यह सत्र न सिर्फ ज्ञानवर्धक होगा, बल्कि राजनीति और लेखनी की गहराईयों को समझने का अनूठा अवसर भी देगा।



**शक्ति, राजनीति और लेखनी पर होगा मंथन, अपने अनुभव साझा करेंगे अतिथि**


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# एसएसपी ने की शस्त्रों की पूजा जवानों ने की हर्ष फायरिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस लाइन स्थित रक्षित केंद्र परिसर में परंपरागत तरीके से शस्त्रों की पूजा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से यह पूजा एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने की। इस दौरान एएसपी लखन पटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी इस अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा के बाद पुलिस जवानों ने हर्ष फायरिंग भी की।

### समाज की रक्षा और सुरक्षा की प्रतिज्ञा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने पूजा कार्यक्रम के बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की हमेशा जीत होती है। इस दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने समाज की रक्षा और सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली। गौरतलब है कि पुलिस लाइन में हर वर्ष विजयादशमी के अवसर पर शस्त्रों की पूजा की जाती है। इस परंपरा को निभाते हुए पुलिस प्रशासन के हर अधिकारी-कर्मचारी को उनकी जिम्मेदारियों का स्मरण कराया जाता है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निभाते रहें।

### ग्राहक ने किया दुकानदार का मोबाइल पार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जयपुरी गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 अक्टूबर को रात करीब 11 बजे अयोध्या नगर मठपुरैना स्थित उसकी किराना दुकान में दो लोग सामान खरीदने आए थे। इसी दौरान दोनों में से किसी ने उसकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 20 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जरवाय तालाब के पास मनीष यादव को 20 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब को बेचने के लिए अपने पास रखा था। उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट 34-1 के तहत कार्रवाई की गई।

# शास्त्री बाजार की 84 दुकानें 15 महीने से खाली, 3 बार टेंडर फिर भी रिस्पांस नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित नगर निगम के 3 मंजिला नवनिर्मित शास्त्रीबाजार व्यावसायिक परिसर की 84 दुकानें सवा साल से खाली पड़ी हैं। निगम ने इन दुकानों के लिए तीन बार निविदा निकाली, पर 30 साल की लीज और आरक्षण प्रक्रिया तथा दरों को लेकर खरीदार उत्साह नहीं दिखा रहे। इन 84 दुकानों में से ग्राउंड फ्लोर की एक-एक दुकान 36 लाख रुपये, प्रथम फ्लोर की 30 लाख और द्वितीय तल की दुकान 27 लाख, साथ ही तृतीय तल की दुकानों की दर 22 लाख रुपये रखी गई है। नियम अनुसार इन दुकानों में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी निश्चित करने के लिए आरक्षण नियमों का पालन भी किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 12 करोड़ की लागत से बनाए गए बहुमंजिला शास्त्री बाजार व्यावसायिक परिसर की 84 दुकानों के लिए बाजार विभाग ने तीन बार टेंडर निकाला, पर इसमें एक भी दुकानदार ने भाग नहीं लिया। सूत्रों के मुताबिक निगम की इन दुकानों की दर को लेकर खरीदने वाले उत्साह नहीं दिखा रहे। यही स्थिति पिछले कई साल से बनकर तैयार निगम की 95 दुकानों की है। इनके भी खरीदार नहीं मिल रहे।

- आरक्षण प्रक्रिया और दरों को लेकर खरीदने वाले नहीं दिखा रहे उत्साह

### निगम के अलग-अलग लोकेशन पर 95 दुकानें खाली

| | |
|---|---|
| जवाहर बाजार द्वितीय व तृतीय तल | 14 हॉल, 2 दुकानें |
| मोहबा बाजार | 14 दुकानें |
| अग्रसेन मंगलम के बाजू | 9 |
| जयस्तंभ मल्टीलेवल पार्किंग | 1 हॉल तृतीय तल |
| गांधी मैदान कांजी हाउस | 55 दुकानें |

### रेट पालिसी तय करने शासन को गया था प्रस्ताव

नगर निगम के तत्कालीन निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के कार्यकाल में नगर निगम की दुकानों की रेट पालिसी शासन द्वारा निर्धारित करने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। इसमें इस बात का जिक्र किया गया कि निगम की बहुत सी दुकानें ऐसी हैं कि लोग लोकेशन के हिसाब से 30 साल के लिए लीज पर लेने तैयार नहीं होते हैं, लेकिन एक या दो साल के लिए तैयार हो जाते हैं, इसलिए रेट पालिसी में देने की योजना बनाई गई।

# ऑफसेट प्रेस और फिल्टर प्लांट की मशीनों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विजयादशमी के अवसर पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर ने निगम मुख्यालय भवन में मिनी आफसेट मशीन की पूजा अर्चना की। इसके बाद रावणभाठा के फिल्टर प्लांट पहुंचकर मशीनों की पूजा की। इस मौके पर जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा उपस्थित रहे। महापौर मीनल चौबे ने महात्मा गांधी सदन के भूतल पर स्थित नगर निगम प्रेस और जनसंपर्क विभाग में निगम की मिनी ऑफसेट मशीन की पूजा की। इस मौके पर प्रेस और जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ चर्चा कर उनके कामकाज की जानकारी भी ली। महापौर ने सभापति के साथ फिल्टर प्लांट के समीप स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर जाकर हनुमान जी की पूजा कर नगर वासियों के सुख, समृद्धि की कामना की।

- महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू शामिल




हरिभूमि लाइव



रावणभाठा दशहरा मैदान

## राजधानी में डब्ल्यूआरएस, सप्रे मैदान, समता कॉलोनी, भाठागांव सहित कई जगह स्थानों पर दशहरा उत्सव

# रिमोट का बटन दबाते ही दशानन ने दिखाया क्रोध, रण में फैलाया मायाजाल, आतिशबाजी से चकाचौंध हुईं आंखें

शहर में श्रीराम विजयदशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे सप्रे मैदान, समता कॉलोनी, भाठागांव, खम्हारडीह, गुढ़ियारी में भी उत्सव की धूम रही। नेशनल क्लब और सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति ने भी लगातार 55वें वर्ष लाखों लोगों को उत्सव का साक्षी बनने का अवसर डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान पर दिया। इस बीच राज्यपाल रमेन डेका, सीएम विष्णु देव साय सपत्नीक मंचस्थ रहे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी मंच से लोगों को विजयादशमी की बधाई दी। सीएम साय और राज्यपाल ने जैसे ही रिमोट का बटन दबाया, दशानन ने क्रोध में मायाजाल फैलाया। आकाशीय आतिशबाजी से लोगों की आंखें चकाचौंध हो गईं।





**रायपुर।** महात्मा गांधी के जीवंत स्वरूप में स्टैचू बना युवा कलाकार आकर्षण का केंद्र रहा। नृत्य नाटिका के जरिए सरस्वती वंदना के बाद जैसे ही अतिथियों का आगमन शुरू हुआ, वैसे ही कलाकार गणपति एवं उनकी टीम हरकत में आई और आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ। पहले पांच मिनट आकाशीय आतिशबाजी के बाद सीएम श्री साय, राज्यपाल रमेन डेका और कृषि मंत्री श्री नेताम रिमोट का बटन दबाते हुए उत्सव के साक्षी बने।

### 45 मिनट तक चलती रही आतिशबाजी

जैसे ही रावण दहन की औपचारिकता पूरी की गई, लंकेश के सभी दश शीश कुछ देर के लिए भयभीत करने वाली नजरों से राम की सेना को देखता रहा। पेट और गले में आग लगते ही दशहरा मैदान में लगातार 45 मिनट तक की गई आतिशबाजी के बीच रावण, कुंभकरण और मेघनाथ से आधा किलोमीटर से भी ज्यादा फासले पर खड़े लोगों की आंखें कुछ समय के लिए चौधियां गईं। जैसे-जैसे तीनों प्रतीकात्मक पुतले जमींदोज हो रहे थे, वैसे-वैसे मैदान में दर्शक बने लोगों का रेला भी लौटना शुरू किया। इस बीच कुछ लोग आतिशबाजी के बाद सांस्कृतिक मंच पर दी गई प्रस्तुतियों का भी लुत्फ उठाने के बाद लौटे।

## बारिश में भीगते देखा विजयादशमी उत्सव, वाटरप्रूफ रावण का दहन

*हल्की बारिश के बीच रावणभाठा मैदान में रावण दहन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाम 5 बजे से ही लोगों की भीड़ मैदान में उमड़ने लगी थी। कई लोग छतरियां लेकर पहुंचे, लेकिन उत्साह में कोई कमी नहीं आई। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। लोक कलाकार सुनील तिवारी ने बाहरमासी गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की, वहीं ममता चंद्राकर ने गौरा-गौरी गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।*







रामलीला मंचन के दौरान रामायण के प्रमुख प्रसंगों को दिखाया गया, जिसमें श्रीराम की सेना और लंका की सेना के युद्ध दृश्य ने युवाओं में जोश भर दिया। इसके बाद रावण दहन किया गया। बारिश की आशंका को देखते हुए इस बार समिति ने वाटरप्रूफ रावण का पुतला तैयार किया था, जो दहन के बाद दो मिनट में जलकर खाक हो गया। रावण दहन के बाद लगभग 40 मिनट तक हुई भव्य आतिशबाजी ने माहौल को रोशन कर दिया। देर रात तक हजारों की संख्या में लोग रावणभाठा पहुंचे और इस ऐतिहासिक उत्सव का आनंद लिया।

### सत्य पराजित नहीं हो सकता

रावणभाठा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और आज के दिन अपने भीतर के अहंकार का दहन करना चाहिए। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी समेत सभी जोन अध्यक्ष, पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंच से दिए गए संदेश ने कार्यक्रम को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सार्थक बना दिया।

## बोरियाखुर्द में उमड़ा जनसैलाब रावण पुतले का किया दहन



दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव समिति बोरियखुर्द द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी उत्सव मनाया गया। 55 फीट का रावण और 40- 40 फीट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाथ का दहन किया गया। उत्सव का शुभारंभ अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी द्वारा सुबह 10 बजे बच्चों के लिए पतंग उत्सव से किया। शाम 4 बजे से रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों और उनकी संगीत टीम द्वारा किया गया, जो बहुत ही आकर्षक और धार्मिक संदेश देने वाला था। रामलीला मंचन के बाद शाम 7 बजे बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद गगनभेदी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष लच्छूराम निषाद, संरक्षक व ग्राम के पूर्व सरपंच रामाधार साहू, जितेंद्र धुरंधर, समाज सेवक चंद्रहास निर्मलकर प्रमुख रूप से मंचस्थ रहे।

## सप्रे स्कूल मैदान में जलाया गया 30 फीट का रावण

*सप्रे शाला मैदान में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। इस बार रावण का कद 30 फीट ऊंचा तैयार किया गया था। शाम 4 बजे से मैदान में दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ने लगी थी। लगभग 6 बजे प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी मंच पर सजी। रावण दहन के विशेष पर्व पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पुतला दहन किया। इसमें मनोज कंदोई, राम लोखंडे, अनिल दुबे, रामगोपाल दास, पूर्व पार्षद सीमा कंदोई भी शामिल हुईं।*



### पतंगों से सजा आसमान, खुशी से खिले चेहरे

शाला मैदान में पारंपरिक उत्सव को यादगार बनाने पतंगबाजी उत्सव का आयोजन किया गया, इस आयोजन में नन्हे बच्चों को निशुल्क पतंग और मांझा वितरित किया। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बच्चे और बड़े मिलकर आसमान में रंगबिरंगी पतंगों को उड़ाते हुए इस खास मौके का भरपूर आनंद लेते दिखे। कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया और पारंपरिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।






## अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व विजयादशमी

सीएम विष्णु देव साय शहर के रावणभाठा और शंकर नगर दशहरा उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा, विजयादशमी पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं हो सकता। सत्य की अंततः जीत होती है।

### 150 साल पुरानी श्री बालाजी भगवान की पालकी पहुंची दशहरा मैदान

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यहां दहशरा मनाने की परंपरा लगभग 150 साल पुरानी है। प्रभु बालाजी महाराज का विशेष आशीर्वाद इस प्रांगण को मिलता है। विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे ने भी लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित बड़ी संख्या में श्री दूधाधारी मठ से जुड़े पदाधिकारी, खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति के सदस्य एवं आमजन उपस्थित थे।

धर्म लाइव

## गुरु तेगबहादुर साहिब के शहीदी वर्ष में आज निकलेगी भव्य यात्रा



**रायपुर।** सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेगबहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष पर शुक्रवार सुबह 8 बजे स्टेशन रोड गुरुद्वारा से भव्य शहीदी यात्रा निकलेगी। पंज प्यारों की अगवाई और गुरुग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में यात्रा शुरू होने के बाद 12 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ के 70 से अधिक प्रमुख स्थानों पर पहुंचने से संगत को दर्शन का अवसर मिलेगा। समाज के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा एवं संयोजक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि यह यात्रा स्टेशन रोड से टाटीबंध पहुंचेगी। इसके बाद कुम्हारी, चरोदा, नेहरू नगर भिलाई, दुर्ग, राजगांदगांव होते हुए डोंगरगढ़ में रात्रि विश्राम करेगी। शनिवार को खैरागढ़, देवकर, बेमेतरा, नवागढ़, मुंगेली, कुंडा के बाद कवर्धा विश्राम के लिए यात्रा में शामिल लोग रुकेंगे। इसी तरह 12 अक्टूबर को शहीदी यात्रा सिमगा से प्रवेश करेगी, इसके बाद रावांभाठा गुरुद्वारा, श्री गुरु गोबिंद सिंह चौक से नगर कीर्तन के साथ यात्रा स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचेगी और यहीं यात्रा का समापन होगा।

### पंजाब से रायपुर पहुंची गुरु की निशानी

प्रवक्ता तेजिंदर सिंह होरा ने शहीदी यात्रा में गुरुओं की यादगार निशानियां, जो पंजाब से रायपुर पहुंच चुकी हैं। सभी को हाथों से लिखे पत्र, अस्त्र-शस्त्र का दर्शन संगत को करने का अवसर मिलेगा। बलिदान, साहस, धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेगबहादुर साहिब को हिंद की चादर जैसी उपाधि दी गई। यह जानकारी यात्रा के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही सिख समाज द्वारा 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ के सभी गुरुद्वारों में श्री अखंड पाठ किए जाएंगे। इसका समापन 16 नवंबर को कीर्तन, अरदास और गुरु के लंगर से किया जाएगा। साथ ही नवंबर माह में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

सिटी इवेंट

## एनआईटी करेगा नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप्स चैलेंज-2025' की मेजबानी

**रायपुर।** एनआईटी आगामी 4 और 5 अक्टूबर को 'नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप्स चैलेंज-2025' की मेजबानी करने जा रहा है। यह आयोजन पहली बार प्रतिष्ठित वैश्विक हैकथॉन राज्य में किया जा रहा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम वैश्विक नवाचार मानचित्र पर प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। एनआईटी के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन और इनोवेशन सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस हैकथॉन में भारतभर से 400 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी की उम्मीद है, जिनमें से 200 से अधिक छत्तीसगढ़ से होंगे। स्कूली छात्रों से लेकर इंजीनियरिंग और पीएचडी शोधार्थियों तक सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से भाग ले सकते हैं।



### वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा ओपन-सोर्स स्पेस हैकथॉन

नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप्स चैलेंज दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक वैश्विक हैकथॉन है, जो युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, पृथ्वी प्रणाली, और डेटा-आधारित नवाचार से जुड़ी समस्याओं पर काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष की थीम " लर्न, लॉन्च, लीड" रखी गई है, जो नवाचार, नेतृत्व और विज्ञान में गहराई से सीखने को प्रोत्साहित करती है। इस आयोजन का उद्देश्य नासा और उसकी 14 अंतर्राष्ट्रीय साझेदार अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा साझा किए गए ओपन-सोर्स डेटा के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक वैश्विक चुनौतियों के समाधान तैयार करने का मंच प्रदान करना है।

***48 घंटों की प्रतिस्पर्धा में 20 से 30 चुनौतियों पर कार्य करने का अवसर :*** प्रतिभागियों को 48 घंटों की प्रतिस्पर्धा में 20 से 30 चुनौतियों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जो ग्रह रक्षा, पृथ्वी विज्ञान और जलवायु परिवर्तन, खगोल भौतिकी और डेटा विजुअलाइजेशन, अंतरिक्ष अन्वेषण एवं अंतरिक्ष में आवास डिजाइन विषय पर आधारित है।

समाज इवेंट

## मराठी सोहला का आगाज आज सजेगी एंटीक पीस की प्रदर्शनी

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल मराठी सोहला (मेला) के साथ अपनी 90वीं सालगिरह शुक्रवार से तीन दिवसीय समारोह के रूप में मनाने जा रहा है। इसमें हर आयुवर्ग के सदस्यों को मनोरंजन के साथ चटपटे और मीठे व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा। वहीं 'एंटीक पीस' की प्रदर्शनी मराठी मेले को खास बनाएगी। विविध सेंगमेंट्स के स्टाल सभी को आकर्षित करेंगे। इस अवसर पर 'महाराष्ट्र मंडल 90 वर्षों का स्वर्णिम सफर' नाम की विशेष स्मारिका 'गर्व' का विमोचन करने वाला है। सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि तीन दिवसीय मराठी मेले का शुभारंभ दोपहर 2 बजे होगा। शाम 4 बजे से सभी समाजों के लिए संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी का विषय 'सामाजिक कार्यों से सबका मन कैसे जीतें, कैसा बनाएं समाज' रखा है। शाम 7 बजे से मराठी हास्य सम्राट विजेता दीपक देशपांडे का विशेष 'हास्य जत्रा' होगा।

### सुबह से रात तक चलेगा आयोजनों का सिलसिला

श्री दंडवते ने बताया कि स्थापना दिवस के दूसरे दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए विविध स्पर्धाएं होंगी। इसमें सुबह 11.15 से 12.15 बजे तक महिला और पुरुष प्रतिभागियों के लिए फ्री हैंड रंगोली स्पर्धा और बच्चों के लिए तोरण सजाओ स्पर्धा होगी। दोपहर 12.30 से 1.30 तक महिलाओं के लिए मेहंदी बनाओ और बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस व डांस स्पर्धा होगी। दोपहर 1.45 से 2.45 बजे तक का समय महिलाओं के लिए मराठी पारंपरिक व्यंजन स्पर्धा और बच्चों के लिए फायरलेस कुकिंग स्पर्धा आयोजित की गई है। दोपहर 3 से 4 बजे तक सभी वर्ग के लिए कॉमन गेम्स होंगे।

थ्री-डी इफेक्ट्स और पैटर्न पेंटिंग से घरों को मिल रहा डिजाइनर टच

# दीपावली से पहले घरों में बढ़ी वॉल आर्ट की डिमांड स्टाइलिश और थीम बेस्ड लुक से चमकेगा आशियाना

*अब बेडरूम या हॉल की एक दीवार को टेक्सचर या थ्री-डी इफेक्ट्स के साथ पेंट करके बाकी दीवार को सिंपल रखा जा रहा है। इसमें वॉल पेंटिंग में एक्सेंट वॉल, टेक्सचर, पैटर्न पेंटिंग, स्टेंसिल आर्ट कराया जा रहा। वहीं कई अपने आराध्य या पीसफुल पेंट दीवारों पर लगवा रहे। लोगों का मानना है कि घर की सभी दीवारों को यादगार ढंग से तैयार किया जाए, ताकि सभी कमरों को डिजाइनर लुक मिल सके।*

**रायपुर।** बदलते ट्रेंड्स के साथ अब लोग सिर्फ दीवारों को रंगने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि घर को डिजाइनर लुक देने के लिए थीम बेस्ड पेंटिंग्स और टेक्सचर वॉल्स अपना रहे हैं। दीपावली पर्व से पहले मार्केट में एथनिक टच के साथ स्टाइलिश वॉल डिजाइंस की डिमांड बढ़ गई है। लोग मॉडर्न आर्ट और ट्रेडिशनल पेंटिंग्स घरों की वॉल्स पर कराना पसंद कर रहे। इंटीरियर एक्सपर्ट्स का कहना है कि लोग अब लॉन्ग-लास्टिंग और वॉशेबल पेंट्स को प्रिफर कर रहे हैं, जिससे घर कई सालों तक फ्रेश और नया दिखे। साथ ही वास्तु और पॉजिटिव एनर्जी को ध्यान में रखते हुए भी कलर सलेक्शन किया जा रहा है।



### दीपावली पर डिस्टेंपर, प्लास्टिक पेंट और रॉयल पेंट की मांग

गोलबाजार स्थित दुकान के संचालक गौरव चौबे ने बताया कि पहले घर के सभी कमरों में एक ही रंग की पेंट लगवाई जाती थी, लेकिन बदलते वक्त के साथ सभी कमरों को नया लुक दिया जा रहा है। अब फ्रंट बिल्डिंग, बेडरूम, वर्क प्लेस, बालकनी और किचन में डिस्टेंपर से लेकर रॉयल पेंट व डिजाइन कराई जा रही है। दीपावली पर डिस्टेंपर, प्लास्टिक पेंट और रॉयल पेंट की सबसे ज्यादा डिमांड है। डिस्टेंपर बजट फ्रेंडली और टिकाऊ है, वहीं प्लास्टिक पेंट में लगभग 60 % प्लास्टिक और 40 % डिस्टेंपर का मिक्स होता है, जिससे कमरों को शाइनी लुक दिया जा रहा है। रॉयल पेंट बेहतर क्वालिटी में उपलब्ध है, जो लंबे समय तक घर की दीवारों को बेहतर बनाए रखता है। इन दिनों पेंट सिर्फ सजावट नहीं, एक स्टेटस बन चुका है, जो बेहतर क्लास के लिए जरूरी है। लोग अब अपने मनपसंद कलर कस्टमाइज भी करा रहे हैं। ऐसे में दुकान में सौ से अधिक रंग मौजूद हैं।





### शाइनी,टिकाऊ दीवारों के लिए प्रीमियम प्लास्टिक पेंट का क्रेज़

शंकर नगर दुकान संचालक दीपक सोनी ने बताया कि प्रीमियम प्लास्टिक पेंट की सबसे अधिक मांग है, जो क्वालिटी के मामले में काफी अच्छा होता है। इसकी 20 लीटर की कीमत करीब 4 हजार रुपये से शुरू हो जाती है। यह पेंट घरों को शायनी लुक देता है और खास बात ये है कि सीपेज की समस्या होने पर भी यह पेंट काफी मददगार है। प्रीमियम पेंट एंटी फंगल होता है। इसकी खासियत है कि दीवारों पर गंदगी नहीं जमती, जिससे दीवारों की लाइफ बढ़ जाती हैं। दुकानदार ने बताया कि इसकी लाइफलाइन करीब 2 से 4 साल से ज्यादा है। इस पेंट में हजार से भी ज्यादा शेड्स मिलते हैं, जिन्हें लोग अपने घरों के हिसाब से चुन सकते हैं।

### दीवारों पर स्टेंसिल आर्ट, म्यूरल पेंटिंग, सीलिंग डिजाइन

दुकान संचालक के अनुसार, घर पेंट कराने के दौरान कंपनी ग्राहकों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, ताकि उन्हें बेहतर डिजाइन व आकर्षक लुक मिल सके। त्योहार में पेस्टल और हल्के रंग पसंद किए जा रहे, वहीं पूजा कक्ष और लिविंग रूम में गोल्डन व कॉपर शेड्स की डिमांड ज्यादा है। वॉल पेंटिंग में एक्सेंट वॉल, टेक्सचर व पैटर्न पेंटिंग, स्टेंसिल आर्ट, म्यूरल पेंटिंग, कॉन्ट्रास्ट कलर कॉम्बिनेशन, सीलिंग डिजाइन कराई जा रही है।

## विजयदशमी पर सिंदूर खेला... सुहागिनों ने सिंदूर खेलकर मां दुर्गा से मांगा वरदान

*श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर स्थित मंदिर परिसर में विजयदशमी पर सिंदूर उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने मां दुर्गा से अखण्ड सौभाग्यवती होने का वरदान मांगा और सभी भक्तों ने विश्व शांति की कामना भी की।*



श्री शारदीय दुर्गोत्सव में त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति का आयोजन

**रायपुर।** मंदिर प्रांगण में बंगाली समाज के साथ ही अन्य समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। इसके साथ ही महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से देवी को विदाई दी।सिंदूर खेला को देवी सिंदूर वरन के नाम से भी जाना जाता है। यह आयोजन शाम 5 बजे से शुरू हुआ।



### सौभाग्यवती होने का प्राप्त होता वरदान

त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा जब मायके से विदा होकर ससुराल जाती हैं तो उनकी मांग सिंदूर से सजाई जाती है। इसके बाद सुहागिन स्त्रियां एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं, जिससे उन्हें सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। सिंदूर खेला के दौरान सभी भक्तों ने "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की प्रार्थना के साथ विश्व शांति की कामना की।



## योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना वर्तमान समय के लिए आवश्यक

**रायपुर।** भारतीय योग संस्थान द्वारा 59वें योग दिवस के अवसर पर गुरुवार को भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कालीबाड़ी स्थित दानी गर्ल्स स्कूल परिसर में हुए इस कार्यक्रम में 600 से अधिक योग प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर को यादगार बनाने संस्थान की ओर से सामूहिक योगाभ्यास, रामलीला का भव्य मंचन और गरबा उत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें संस्थान के प्रमुख योग प्रशिक्षकों ने विविध योग मुद्राएं, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। मुकेश सोनी और राजेश अग्रवाल ने हास्यासन जैसी विशेष योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। आर. साहू, राजेश डागा और पिंकी जैन ने ध्यान और प्राणायाम सत्र का संचालन किया। इस दौरान योग के महत्व और उसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

## ट्रिपल आईटी में 'गणित में प्रवेश' विषय पर व्याख्यान सत्र का आगाज



**रायपुर।** आईआईआईटी द्वारा गणितीय शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'गणित में प्रवेश' विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। बुधवार से प्रारंभ व्याख्यान सत्र में विद्यार्थियों को गणितीय सोच, तर्कशक्ति और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस छह दिवसीय आयोजन में भविष्य की वैज्ञानिक तकनीकी खोज में गणित के महत्व पर जोर दिया गया। उद्घाटन समारोह में ट्रिपल आईटी के कुलपति एवं निदेशक प्रोफेसर ओपी व्यास उपस्थित रहे। जिन्होंने व्याख्यान सत्र में गणित को वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार की आधारशिला बताते हुए प्रारंभिक स्तर पर गणित में भागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। संबोधन में गणित की भूमिका को नवाचार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है।

सालभर में एक बार कंकाली मठ में खुलते हैं कपाट, दर्शन पाने उमड़ी भीड़

कार्नर न्यूज

# दशहरे पर खुले कंकाली मठ के 'शस्त्रागार' के कपाट, यहां नागा साधुओं के दुर्लभ अस्त्र-शस्त्र

रायपुर। राजधानी स्थित पांच सौ साल प्राचीन कंकाली मठ के प्रति लोगों की अद्भुत आस्था की यह तस्वीर विजयादशमी के अवसर पर देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं की लंबी कतार मठ के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाती है। प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर मठ परिसर के कपाट दर्शनार्थियों के लिए खोले जाते है, जहां आस्था अनुसार मां कंकाली स्वयं भक्तों को दर्शन देने पहुंचती हैं। इस अवसर पर सुबह प्रथम आरती से रात्रि 12 बजे अंतिम आरती तक श्रद्धालुओं की भीड़ मठ परिसर में उमड़ी रही। मठ में नागा साधुओं की तलवार, ढाल, भाला, बंदूक, पितांबरी, कमंडल, नागफनी, पंचमुखी शंख और 7 मीटर से अधिक लंबे नागा साधुओं के वस्त्रों के दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिला।



### मां कंकाली के रात्रि पूजा के साथ कपाट बंद

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली..मां कंकाली की आरती के साथ मठ परिसर के मुख्य कपाट बंद किए गए। ये कपाट अगले वर्ष पुनः विजयादशमी पर खुलेंगे। आरती के दौरान मठ परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा रहा, जहां प्रवेश द्वार से लेकर प्रत्येक स्थान पर श्रद्धालु मां कंकाली की आरती में शामिल होने पहुंचे।



### मठ में नागा साधु परंपरा की 14वीं पीढ़ी

मान्यता अनुसार साल 1890 में नागा साधु महंत शंकर गिरी मां कंकाली की आराध्य देवी के रूप में पूजा करते थे, जिन्होंने मठ के कार्यकाल को आगे बढ़ाने महंत सोमवार गिरी को दीक्षा-शिक्षा के पश्चात अपने चेले के रूप में स्वीकार किया। जिन्होंने गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर वंश को आगे बढ़ाया है। हरिभूमि से चर्चा के दौरान मठ के महंत हरभूषण गिरी गोस्वामी ने बताया कि इतिहास के अनुसार यह 14वीं पीढ़ी है, जो मां कंकाली का आराध्य देवी के रूप में पूजन कर रही है। महंतजी के मृत्यु के पश्चात मां कंकाली मंदिर में स्थापित मां कंकाली की प्रतिमा के चरण स्थान पर महंत शंकर गिरी को समाधि दी गई। मठ में मां कंकाली का आसन और कटार श्रद्धालुओं के लिए विशेष भक्ति का केंद्र है।

### 80-90 साल के बुजुर्गों समेत हजारों श्रद्धालु जुटे

इस विशेष अवसर पर कंकाली मठ परिसर से लेकर 800 मीटर दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। ब्रह्ममुहूर्त से लेकर देर रात तक तीन हजार से अधिक भक्त दर्शन करने पहुंचे। जहां प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु परिजनों के साथ शामिल हुए। इस दौरान कई श्रद्धालु मां कंकाली मठ परिसर संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर पहुंचे तो वहीं कुछ मनोकामना पूर्ण होने पर पुनः दर्शन के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान 80 से 90 वर्ष के बुजुर्ग श्रद्धालु भी अपने परिजनों के साथ मठ में स्थापित नागा साधुओं की समाधि और मां कंकाली के आसन के दर्शन के लिए पहुंचे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम, कृति कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर वुमेंस टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 08 अक्टूबर से बीसीसीआई द्वारा ग्वालियर में आयोजित सीनियर वुमेंस टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टीम की कमान बीएसपी की कृति गुप्ता को सौंपी गया है। टीम पूल सी में है, जहा उन्हें सात मुकाबले खेलने होंगे। घोषित टीम में रायपुर से आंशी अग्रवाल, अनम खान, प्रोफेशनल खिलाड़ियों में अदिति पवार, प्रीति यादव और तरन्नुम पठान, बिलासपुर से ऐश्वर्या सिंह, प्रतिज्ञा सिंह, शिवी पांडे, सृष्टि शर्मा दुर्ग से कल्पना पांडे, राजनादगांव से महक नरवसे, नेहा बड़वाईक, भिलाई से शिवानी कृष्णा विकेट कीपर, यीशा भारती देवांगन विकेटकीपर, सरगुजा से उर्मिला हरिना शामिल हैं। 8 अक्टूबर से ग्वालियर में शुरू होने होने वाले मैच में छत्तीसगढ़ की टीम अलग-अलग दिनों में विभिन्न टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेगी। इनमें 8 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश से, 9 अक्टूबर को हरियाणा से, 11 अक्टूबर को ओडिशा से, 13 अक्टूबर को हैदराबाद से, 15 अक्टूबर को त्रिपुरा से, 17 अक्टूबर को कर्नाटक से और 19 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश से मुकाबला होगा।

### क्रिकेट को समूचे छत्तीसगढ़ में विस्तार देगा सीएससीएस




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की वार्षिक आम सभा में आगामी सत्र के लिए संघ की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमे वी मोहनदास प्रदेश संघ के अध्यक्ष नियुक्त हुए। प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी विंटेश अग्रवाल संभालेंगे। नयी कार्यकारिणी ने छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के विकास को और गति देने के उद्देश्य से पूरी प्रतिबद्धता से काम करने की बात को दोहराई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गुरुचरण सिंह मखीजा, संयुक्त सचिव अजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता, शीर्ष परिषद सदस्यों में अखिल कुमार धगट, योगेश विठलानी, मनजीत सिंह सीरे, अनुराग शर्मा, अनूप चड्ढा (पूर्ण जिला सदस्य प्रतिनिधि), शासी परिषद में एवी भास्कर राव शासी परिषद (अध्यक्ष) और विवेक चीभा शासी परिषद सदस्य शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा जूडो 5 स्वर्ण के साथ 8 पदक



**रायपुर।** 25वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा जूडो प्रतियोगिता दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमे जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण के साथ 8 पदक प्राप्त किए है। इनमें चंद्रप्रकाश यादव -35किलो (गोल्ड),चंचल वर्मा -44किलो (गोल्ड), कोमल दास +44 किलो (गोल्ड),अंजलि ठाकुर -70किलो (गोल्ड),संजना देवांगन -36किलो (गोल्ड), दामिनी निषाद -44किलो (सिल्वर), मेहुल ध्रुव -40किलो (सिल्वर) और कपिल ध्रुवे +50 किलो (सिल्वर) शामिल हैं। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, संघ के सचिव शम्भू सोनी, हैप्कीड़ो के संरक्षक कैलाश बलानी, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ विकास अडील, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, सचिव पी किरन, सहसचिव अभय केशरवानी, सदस्य राहुल शर्मा, कोच यशवंत ध्रुव आदि ने शुभकामनाये दी है।

### राष्ट्रीय पेंचाक सिलाट में छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान



**रायपुर।** कर्नाटक के कोप्पल सिटी में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 26 से 28 सितंबर को इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन एवं कर्नाटक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के 1400 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, 8 रजत एवं 18 कांस्य पदक सहित कुल 34 पदक प्राप्त कर प्रि-टीन कैटेगरी मे पूरे भारतवर्ष में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम में प्रदेश के 6 जिलों के 55 खिलाड़ी शामिल थे। राज्य पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के महासचिव शेख समीर ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम को आशा अनुरूप पदक प्राप्त हुए है, पहली बार टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ट्राफी हासिल की है। पुरुष टीम कोच सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, महिला टीम कोच श्रीमती।सबीहा शेख, लिनीमा साहू, राष्ट्रीय निर्णायक सुश्री ममता पाण्डेय शामिल हैं।

## ओवरईटिंग हमारी जीवनशैली की सबसे बड़ी चुनौती

# आज समस्या कम नहीं, बल्कि जरूरत से ज्यादा खाने की है, ज्यादातर परेशानियां इसकी वजह से हो रही

खाना शरीर के लिए एक ईंधन की तरह काम करता है। इसलिए, हर व्यक्ति को अपने शरीर की जरूरत से अनुसार खाना जरूर खाना चाहिए। लेकिन ऐसे कई लोग हैं, जो अक्सर ओवरईटिंग करते हैं। जिसके कारण उन्हें कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। ओवरईटिंग करने से ना केवल आपका वजन बढ़ने लगता है, बल्कि पेट फूलना, खाना सही तरह से ना पचने व अन्य कई तरह की समस्याएं होती हैं।

कई लोगों को यह पता ही नहीं होता है कि ऐसी कौन सी चीजें हैं, जो उन्हें ओवरईटिंग करने के लिए ट्रिगर करती हैं। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप पहले ओवरईटिंग करने के पीछे के कारणों के बारे में जानें, ताकि आप खुद को जरूरत से ज्यादा खाने से रोक पाएं। आपको ओवरईटिंग करने के कारणों के बारे में जानना जरूरी है।

### अपनी प्लेट के कारण ओवरईटिंग करना

आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन कभी-कभी आपकी ओवरईटिंग के पीछे का कारण आपकी प्लेट भी हो



सकती है। कई बार हम अपनी किचन में बड़ी साइज की प्लेट रखते हैं। लेकिन ये प्लेट्स आपको जरूरत से ज्यादा खाना प्लेट में रखने के लिए प्रेरित करती हैं। जिसके कारण आप ओवरईट करते हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपनी प्लेट के साइज पर ध्यान दें। छोटी साइज की प्लेट आपको अधिक खाने से रोकती है।

### इमोशनल ईटिंग करना

यह एक बेहद ही आम वजह है ओवरईटिंग करने की। कई बार लोग तनाव, उदासी, दुख या अकेलेपन जैसी नेगेटिव फीलिंग्स (वीकेंड पर ओवरईटिंग) से निपटने के लिए खाने में अपनी खुशी ढूंढते हैं। ऐसा करने से आपको भले ही कुछ वक्त के लिए अच्छा लगे, लेकिन इससे आपको ओवरईटिंग की आदत पड़ जाती है।


### सोशल प्रेशर होना

कई बार लोग सोशल प्रेशर के कारण भी ओवर ईटिंग करते हैं। आपने नोटिस किया होगा कि अक्सर पार्टीज या फिर सोशल फंक्शन में अक्सर लोग आपको अधिक खाने के लिए प्रेशराइज करते हैं। ऐसे में आप चाहकर भी उन्हें ना नहीं कह पाते हैं, जिससे आप अमूमन ओवरईट कर लेते हैं।

### माइंडलेस ईटिंग करना

जब भी आप माइंडफुल ईटिंग करते हैं तो ऐसे में आप अपने खाने पर नजर रखते हैं। लेकिन कई बार आप माइंडलेस ईटिंग करते हैं या फिर खाते समय (हेल्दी सलाद) उनका ध्यान अपनी प्लेट नहीं, बल्कि टीवी, कंप्यूटर या फिर फोन पर होता है। ऐसे में पेट भरने का अहसास ही नहीं होता है। यह देखने में आता है कि इस स्थिति में अक्सर लोग ओवरईटिंग करते हैं।

### मील्स को स्किप करने की आदत



अगर आप अक्सर काम के चक्कर में या फिर अन्य वजहों से मील स्किप करते हैं तो यह काफी हद तक संभव है कि आप अपनी अगली मील के दौरान जरूरत से कुछ ज्यादा ही खा लें। इसलिए, कोशिश करें कि आप दिनभर में अपने सभी मील लें। तीन मेन मील्स के अलावा मिड मील्स को भी जरूर लें। इससे आप हर मील में केवल उतना ही खाएंगे, जितना कि आपको वास्तव में खाना चाहिए।





## कंट्रोल करना है थायराइड तो डाइट में जरूर शामिल करें जरूरी नट्स

आज की इस भागदौड़ भरी व्यस्त जिंदगी में हर दूसरा व्यक्ति थायराइड की समस्या से परेशान है। थायराइड एक तितली के आकार की ग्लैंड होती है जो गर्दन के सामने होती है। इसी ग्लैंड में गड़बड़ी होने के कारण थायराइड की समस्या होती है। ये ग्लैंड एक खास तरह का हार्मोन निकालता है जो हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म के लिए जिम्मेदार होता है। अक्सर खराब लाइफस्टाइल के चलते ये बीमारी होती है।

थायराइड को कंट्रोल मे रखना काफी जरूरी है ऐसे में लोग अलग अलग तरह के नुस्खे अपनाते हैं। आज हम आपको हेल्थ एक्सपर्ट रिया वाही के बताए एक खास तरह के नट्स (ब्राजील नट्स) के बारे में जानकारी दे रहे हैं जो थायराइड कंट्रोल में रखने में बहुत फायदेमंद है।

### क्या ब्राजील नट्स से थायराइड कंट्रोल होता है?

डायटीशियन रिया वाही थायराइड को कंट्रोल करने



के लिए ब्राजील नट्स खाने की सलाह देती हैं। ये एक बहुत ही खास तरह का नट्स है जिसका स्वाद मक्खन दार और नटी होता है। दरअसल ब्राजील नट्स एक सेलेनियम रिच फूड्स है जो थायराइड की समस्या के इलाज मे काफी उपयोगी माना जाता है।

थायराइड ग्लैंड के टिश्यू में सबसे ज्यादा सेलेनियम पाया जाता है। यह थायराइड को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है और थायराइड हार्मोन के प्रोडक्शन में अहम भूमिका निभाता है। ये मेटाबॉलिज्म (मेटाबॉलिज्म से जुडी जरूरी बातें) और थायराइड के कार्य को नियंत्रित करने में भी मददगार हो सकता है। ये इतना असरदार होता है कि इसका सेवन थोड़ी मात्रा मे करने से ही फायदा मिल सकता है।

## वास्तु अनुसार करें रसोई की आंतरिक व्यवस्था ताकि रहे अच्छी सेहत और आए सुख समृद्धि

वास्तु शास्त्र का मूल आधार पंचतत्वों (पृथ्वी,जल,आकाश,अग्नि,वायु) का संतुलन है, जो सुखी और समृद्धशाली जीवन जीने के लिए अति आवश्यक है, इनमें असंतुलन होने से नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। वास्तु के इन नियमों का पालन न करने पर व्यक्ति विशेष का स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि उसके आर्थिक और सामाजिक पक्ष पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य और उनके जीवन की खुशहाली के लिए यह जरूरी है कि आपके घर में रसोई भी वास्तु सम्मत हो। रसोई, घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। हमारे बीच में यह गलत प्रचलन है कि हम मकान बनवाते समय रसोईघर को कम स्थान देने की सोचते हैं। जबकि उसका खुला-खुला वातावरण रहना अत्यंत ज़रूरी है क्योंकि जितने उपकरण तथा सामग्री रसोईघर में होती है।

## बालों को झड़ने से रोकने के लिए करें ये योगासन, मिलेंगे काले और घने केश



किसी भी व्यक्ति की सुंदरता का एक कारण उसके बाल होते हैं। ऐसे में महिला और पुरुष दोनों ही काले और घने बाल चाहते हैं लेकिन बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। कुछ तरीके घर पर भी अपनाकर बालों को काला, घना बनाया जा सकता है।

































# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'अवतार' की जादुई दुनिया का ट्रेलर हुआ रिलीज, खत्म हुआ फैंस का इंतजार



'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने इस फ्रैंचाइजी के फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज हो रही है। जेम्स कैमरून एक बार फिर अपने दर्शकों को उस जादुई और रहस्यमयी दुनिया में ले जा रहे हैं जिसने साल 2009 से अब तक सिनेमा के इतिहास में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसके साथ ही पेंडोरा की धरती पर संघर्ष की लपटें और तेज होती दिख रही हैं। इस बार कहानी और गहरी है और दर्द भी ज्यादा नजर आ रहा है। सुली परिवार अपने बड़े बेटे नेतेयाम की मौत का गम झेल रहा है। परिवार के इस दर्द के बीच पेंडोरा पर एक नई चुनौती खड़ी होती है—ऐश पीपल नाम की नई नावी जनजाति। इस जनजाति की अगुवाई वरांग कर रही हैं, जिसका किरदार ऊना चैपलिन निभा रही हैं। ये समूह बेहद आक्रामक है और पेंडोरा पर एक नई तरह का तनाव पैदा करता है। फिल्म का निर्देशन और लेखन जेम्स कैमरून ने रिक जाफा और अमांडा सिल्वर के साथ मिलकर किया है। इसमें जोश फ्रीडमैन और शेन सालर्नो ने भी कहानी को आकार दिया है। दर्शकों को एक बार फिर जेक सुली और नेयतिरी की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिनकी भूमिकाओं में सैम वर्थिंगटन और जोई सलदाना हैं। इस बार सिर्फ विजुअल्स ही नहीं, बल्कि भावनाएं भी ज्यादा तीव्र होंगी। नेतेयाम की मौत से टूटा हुआ सुली परिवार और पेंडोरा पर बढ़ता तनाव- यही फिल्म की थीम बताई जा रही है।

## टॉलीवुड

### रवि तेजा की 'मास जथारा' की रिलीज इसी महीने, मेकर्स ने शेयर किया पोस्टर



निर्देशक भानु बोगावरापु की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मास जथारा' के निर्माताओं ने आज बुधवार को फिल्म की रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस खुशखबरी से रवि तेजा के फैंस बेहद खुश हैं। साउथ एक्टर रवि तेजा की आगामी फिल्म 'मास जथारा' की आज रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। जानिए सिनेमाघरों में कब देख सकेंगे रवि तेजा की एक्शन से भरपूर फिल्म 'मास जथारा'।

रवि तेजा ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'मास जथारा' से अपना एक शानदार पोस्टर शेयर किया और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन यह इसके लायक होगा। आइए, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में जश्न मनाएं।'

निर्देशक भानु बोगावरापु की फिल्म 'मास जथारा' 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अभिनेता रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माता, सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, '31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में मास महाराज रवि तेजा के साथ धमाकेदार मनोरंजन शुरू!

फिल्म 'मास जथारा' में रवि तेजा के साथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। सिनेमैटोग्राफी विधु अयन्ना और संपादन नवीन नूली ने किया है। सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बैनर तले बनी यह फिल्म श्रीकारा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। पहले यह 27 अगस्त को रिलीज होने वाली थी।

## बॉलीवुड

### तीसरा नॉर्थईस्ट इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हुआ मुंबई में



फाइंड स्टूडियो की पहल तीसरा संस्करण नॉर्थईस्ट इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एनआईआईएफएफ) 2025 मुंबई के मेयर हॉल, जुहू में बड़े ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस आयोजन में भारत और विदेशों से आए दर्शकों ने हिस्सा लिया और नॉर्थईस्ट इंडिया की सांस्कृतिक समृद्धि और सिनेमा की उत्कृष्टता का आनंद लिया। संध्या की शुरुआत क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देते हुए हुई, इसके बाद एन.के. नागा द्वारा एक मधुर प्रस्तुति दी गई, जो नागालैंड के पुरस्कार विजेता कलाकार और उस्ताद बिस्मिल्ला खान युव पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं। इस की मेज़बानी एनआईआईएफएफ के अध्यक्ष मोहन दास, उपाध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी और सह संस्थापक शिराज़ हेनरी ने की। शिराज हेनरी मूल रूप से छत्तीसगढ़ भिलाई से हैं और विगत तीन दशक से फिल्म नगरी मुम्बई में सक्रिय हैं। इस साल के संस्करण में महिला फिल्म निर्माताओं पर विशेष ध्यान दिया गया, उनके योगदान को सम्मानित किया गया और क्षेत्र के उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया। नॉर्थईस्ट इंडिया के प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्मः तारीख–हिमज्योति तालुकदार, दूसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्मः काइनखोल– सिंग पीयर्सन अनाल, सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म (जूरी पुरस्कार) आदि-दिबाकर पेगू, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एमेच्योर– धीरज कश्यप, सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशकः ओथारेई-दिनेश नौरम सौरोकहाइबम, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बोलोराम दास-तारीख, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रीः अनिंदिता रुद्राज-झंकार द मेलोडी ऑफ रेजोनेंस, सर्वश्रेष्ठ महिला फिल्म निर्माताः द क्राई ऑफ ए लाइफलेस -भवानी डोले ताहू शामिल हैं।

नियॉन का जादू

लाइफ स्टाइल



1980 के दौर के फैशन के जीवंत परिदृश्य में नियॉन रंग के कपड़े और एक्सेसरीज़ अपनी बोल्ड और आकर्षक उपस्थिति से सड़कों पर छा जाते थे। इस चलन में हॉट पिंक, इलेक्ट्रिक ब्लू, नियॉन ग्रीन और हाइलाइटर येलो जैसे फ्लोरोसेंट रंगों का इस्तेमाल किया गया, जिससे आउटफिट्स में रंगों की एक अनोखी चमक आ गई थी। अब यह चलन यूरोप के मुल्को में फिर से नजर आ रहा है।

# साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां, लुक हो जाएगा खराब

साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इसमें आपको कई डिजाइन व पैटर्न भी आसानी से मिल जाएंगे। वैसे तो आजकल आपको मार्केट में कई रेडीमेड ब्लाउज के डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे, परफेक्ट फिटिंग और मनचाहा डिजाइन के ब्लाउज को पहनने के लिए हम इसे सिलवाना ही पसंद करते हैं। आजकल साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है। कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे टिप्स जिनकी मदद से आप आसानी से साटन का ब्लाउज बनवा सकते हैं और अपने लुक को आकर्षक बना सकते हैं।




### ब्लाउज बनवाने के लिए फैब्रिक का चुनाव कैसे करें?

ब्लाउज के लिए आपको मार्केट में कई तरीके के अलग-अलग फैब्रिक मिल जाएंगे। इसी तरह से साटन का फैब्रिक भी कई तरीके का आता है और इन सभी की क्वालिटी भी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग होती है। बता दें कि जितना सस्ता या महंगा दाम फैब्रिक का होगा उतनी ही उसकी क्वालिटी में आपको बदलाव नजर आएगा। इसके लिए आप कोशिश करें कि पहले 2 से 3 दुकाने जाए और अलग-अलग तरह के साटन फैब्रिक देखें और आखिर में जाकर आप अपनी पसंद और बजट के हिसाब से फैब्रिक को फाइनल करें।

ब्लाउज की परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए क्या करें?

अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है। दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें।

# सूट पहनना है सीखना, तो जान लें नए दौर की स्टाइल



स्टाइल के मामले में बॉलीवुड-हॉलीवुड के कलाकार हमेशा कमाल ही नहीं, बल्कि धमाल भी करते रहते हैं। सूट उनके स्टाइल स्टेटमेंट का एक बड़ा हिस्सा होता है और उनके स्टाइलिंग आइडियाज की मदद से आपको जानना चाहिए कि स्टाइलिश ढंग से सूट कैसे पहनें।



### प्रिंट-ऑन-प्रिंट

प्रिंट-ऑन-प्रिंट लेयरिंग के साथ क्लासिक चेक एक जबरदस्त कांबिनेशन है। इसमें लाल और नीले रंग के सिंगल ब्रेस्टेड चेकर सूट के साथ उसी रंग की चेकर शर्ट का चुनाव अपने इस लुक के लिए किया गया है, जो आपकी पर्सनलिटी को निखारने में मदद करता है। लुक को पूरा करने और प्रिंट और कलर प्ले को ब्रेक करने के लिए सॉलिड टाई का विकल्प चुना जा सकता है।

### मोनोक्रोम

हाउंडस्टूथ सूट के साथ मोनोक्रोम लुक भी खूब जंचता हैं। इस लुक में फैब्रिक का टेक्सचर उभर कर सामने आता है। इसे वी-नेक की ग्रे और ब्लैक टी के ऊपर लेयर कर सकते है। कलर फैमिली को सेम रखने के लिए ब्लैक स्नीकर्स के साथ लुक को पूरा किया जा सकता है।

### ट्रेडिशनल रिवेम्पड

ब्लैक एंड व्हाइट सूट के साथ ट्रेडिशन लुक को एक कंटेमपरी अपडेट मिलता है। इस पावर-पैक आउटफिट के लिए ट्रिपल थ्रेट (प्रिंट-ऑन-प्रिंट-ऑन-प्रिंट) जबरदस्त है। गोल्ड-स्टडेड पेटेंट लैदर ब्रोग्स के साथ लुक को कंप्लीट किया जा सकता है, जो इस लुक में एक चमकदार फिनिशिंग टच जोड़ता है।

### क्लासिक पिनस्ट्रिप

फिलहाल के मौजूदा चलन 'सफेद सूट' और एक टाइमलेस क्लासिक पिनस्ट्रिप के साथ यह सफेद पिनस्ट्रिप सूट अपने आप में जबरदस्त है। इस लुक के लिए डबल ब्रेस्टेड जैकेट को ब्लैक टी के ऊपर बटन किया जा सकता है, जो एक बार फिर आपके मोनोक्रोम लुक को शानदार बनाने का काम करता है। काले जूते और अच्छी तरह से घुंघराले बालों के साथ, फ्यूचर के लिए इस लुक को बुकमार्क कर लें।

# चेहरे पर हैं डार्क स्पॉट तो इन्हें कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

काफी कोशिश करने के बाद भी अगर आपके चेहरे पर होने वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं। आप भी इनकी ब्यूटी से जुड़ी वीडियो देखने के लिए सोशल मीडिया पर फॉलो कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है।

सीरम का करें स्किन पर इस्तेमाल

# इन सिल्क साड़ी डिजाइन को वेडिंग फंक्शन में करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत

साड़ी का फैशन हमेशा एवरग्रीन रहता है। इसे त्योहारों में शादी में हर कोई पहनना पसंद करता है। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं कि जो रोजाना में भी इन्हें वियर करती हैं। लेकिन शादी के लिए कुछ अलग हटके साड़ी खरीदती हैं। इनको खरीदने का मकसद होता है। इस खास दिन पर सबसे अलग दिखना। ऐसे में आप सिल्क साड़ी के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें हर एक तरह के डिजाइन और फैब्रिक में साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि इन्हें स्टाइल करने से आपका लुक ही बदल जाएगा। आप एक रॉयल लुक में नजर आएंगी। इसलिए आप यहां बताए गए ऑप्शन वाली साड़ियों को इस शादी सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।

### बनारसी सिल्क साड़ी

वेडिंग सीजन की शॉपिंग करने के लिए आप मार्केट जा रही हैं तो इसके लिए आपको बनारसी सिल्क साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क साड़ी भी मिलेगी। जिसमें आप बड़ी बूटियों वाले डिजाइन वाली साड़ी या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आप रेड, ब्लू, पिंक और डबल शेड साड़ी खरीद सकती हैं। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज या फिर हाफ स्लीव्स ब्लाउज पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन आपको मार्केट में 2000 से 5000 के बीच मिल जाएगी।



कार्नर न्यूज

## हर कोई चाहता है भीड़ में अलग नजर आना, खुद पर दें ज्यादा ध्यान

# त्यौहारों में ट्रेडिशनल लुक के लिए अपनाएं कुछ खास टिप्स, लोग करेंगे भरपूर तारीफ

फेस्टिवल में अक्सर हम सभी लोग ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यही वो दिन होते हैं जब लड़कियां सूट और साड़ी स्टाइल करना सबसे ज्यादा पसंद करती हैं। दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली की तैयारी है। ऐसे में आप ट्रेडिशनल लुक क्रिएट कर सकती हैं और खूबसूरत लग सकती हैं। इसके लिए बस आपको यहां बताए गए इन 3 खास टिप्स को ट्राई कर सकती हैं।

### ट्रेडिशनल आउटफिट करें वियर

दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली पर ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करने के लिए आप ट्रेडिशनल आउटफिट वियर कर सकती हैं। इसके लिए आप कॉटन व्हाइट और रेड कलर साड़ी, हैवी वर्क सिल्क साड़ी, सूट, या फिर बंगाली फेमस आउटफिट को भी वियर कर सकती हैं। ये दिखने में जितने ट्रेडिशनल होते हैं। स्टाइल करने में भी सबसे अच्छे लगते हैं। आप भी इन्हें वियर कर सकती हैं और ट्रेडिशनल तरीके से रेडी हो सकती हैं। ट्रेडिशनल लुक के लिए आप बंगाली स्टाइल में भी साड़ी वियर कर सकती हैं।



### ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें वियर

दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली में आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपके कान की बालियां, हार, मांग टीका और हाथ फूल स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ इस तरीके की एक्सेसरीज काफी अच्छी लगती हैं। आप भी इस बार इन्हें वियर करें। इससे आपको बेहद खूबसूरत नजर आएगी।

### मेकअप और हेयर स्टाइल

ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए आप मेकअप और हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप बोल्ड आई मेकअप, न्यूड बेस और हेयर स्टाइल (साड़ी फैशन) में आप बन के साथ गजरा हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। लहंगा, साड़ी और सूट के साथ ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्रेड हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं। आप चाहे तो ट्रेडिशनल हेयर एक्सेसरीज को भी लगाकर लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इन टिप्स को ट्राई करें और दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली के लिए ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करें। इसमें आप बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इसके अलावा आप चाहे तो बंगाली लुक को क्रिएट कर सकती हैं वो भी काफी अच्छा लगता है। इसमें आप सबसे ज्यादा व्हाइट और रेड कलर चूज किया जाता है।

